दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। शनिवार 18 मई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 218 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## हमीरपुर में बोले पीएम नरेंद्र मोदी, सपा और कांग्रेस से सावधान करने आया हूं

**हमीरपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस सत्ता में आने के लिए लोगों के वोट का इस्तेमाल करेंगी और फिर उनकी संपत्ति का एक हिस्सा उन लोगों को उपहार में दे देंगी जो उनके लिए 'वोट जिहाद' करते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश में दो विपक्षी सहयोगियों के 'इरादों' के प्रति लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा, 'आज मैं आपको सपा और कांग्रेस के खिलाफ सावधान करने आया हूं। वे आपका वोट लेंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद वे उन लोगों को ये उपहार बांटेंगे जो उनके लिए वोट जिहाद करते हैं।'



उन्होंने कहा, 'इस बार तो सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है कि वो सबकी संपत्ति की जांच कराएगी। फिर वो आपकी संपत्ति में से एक हिस्सा, उनके लिए ह्यवोट जिहादह्ल करने वाले वोट बैंक को दे देंगे।' समाजवादी पार्टी (सपा) की पदाधिकारी और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम ने 29 अप्रैल को एक रैली को संबोधित करते हुए फरुर्खाबाद लोकसभा सीट से ह्यइंडियाह्ल गठबंधन के उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य के पक्ष में ह्यवोट जिहादह्ल का आह्वान किया था। तब से मोदी ह्यवोट जिहादह्ल को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर कड़ा प्रहार कर रहे हैं।

अनुच्छेद 370 और पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने से जुड़ी इसकी धमकी को लेकर बुन्देलखंड में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह कांग्रेस से कहेंगे कि उन्हें बुन्देलखंड की इस भूमि पर आना चाहिए और देखना चाहिए कि वीरता क्या होती है।

## सपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसत्ता दल? 'राजा भैया-अखिलेश यादव जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा कुंडा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी की कुंडा सीट से विधायक और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने किसी भी पार्टी को समर्थन देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, पहले ये माना जा रहा था कि राजा भैया बीजेपी को खुला समर्थन दे सकते हैं। लेकिन इसी बीच सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे वीडियो सामने आए हैं, जिन्होंने सियासी गलियारों में चचाओं का बाजार गर्म कर दिया है। इन वीडियोज में कौशांबी से सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के सामने दर्जनों लोग 'राजा भैया-अखिलेश यादव जिंदाबाद' के नारे लगाते नजर आ रहे हैं। ये लोग जनसत्ता दल के वर्कर्स बताए जा रहे हैं।





इतना ही नहीं पुष्पेंद्र सरोज के मंच के आसपास राजा भैया की पार्टी के झंडे-बैनर भी दिखाई दे रहे हैं। सपा प्रत्याशी के काफिले में राजा भैया व अखिलेश यादव के समर्थन में नारेबाजी भी हुई। इन सबको को देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या जनसत्ता दल लोकतांत्रिक अब अघोषित तौर पर सपा के साथ है? अगर ऐसा है तो बीजेपी के लिए ये किसी झटके से कम नहीं है।

## अमेठी में राहुल-अखिलेश बोले- जनता की प्रगति की नींव है संविधान, इसे बदलने की कोशिश कर रही भाजपा



**अमेठी।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमेठी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने सेना में अग्निवीर लागू किया है। अगर फिर से सत्ता में आ गए तो पुलिस की नौकरी में भी अग्निवीर योजना लागू हो जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि जब वोट करने जाना तो बेरोजगारी व महंगाई को ध्यान रखना। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को संयुक्त रूप से अमेठी के नंदमहर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संविधान बदलने की साजिश कर रही है। इंडिया गठबंधन इसे कभी सफल नहीं होने देगा। अमेठी में सिलेंडर वाले लोग अब सरेंडर कर रहे हैं। 13 रुपये किलो की चीनी का ख्वाब दिखाया। मीठी चीनी के लिए कड़वा झूठ बोला गया था। एक और एक मिलकर 11 हो रहे हैं, इससे भारतीय जनता पार्टी वाले नौ दो ग्यारह हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा वालों की हर बात झूठ निकली। किसानों को दिल्ली तक में प्रदर्शन करना पड़ा। अपनी फसल की कीमतों के लिए। किसानों को तकलीफ पहुंचाने के लिए इन्होंने सड़कों को बंद कर दिया था, सड़कों पर कीलें लगवा दी थी।

गाड़ियों को डीजल पेट्रोल नहीं भरने देते थे लेकिन, किसानों ने परवाह नहीं किया।

## टाटा देगी आईटीआई पास युवाओं को मौका

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑटोमोबाइल तथा अन्य सेक्टरों में देश की अग्रणी कंपनी टाटा टेक्नोलॉजी अब आईटीआई पास युवाओं को मौका दे रही है। टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से आईटीआई पास युवाओं को शॉर्ट टर्म कोर्स करा रही है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजियाबाद में टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से ऑटो मोबाइल रिपेयर एंड मेंटीनेंस में जूनियर टेक्निशियन और जूनियर वैल्डिंग टेक्निशियन, लर्निंग टेक्टिक के कोर्स कराए जा रहे हैं। टाटा टेक्नोलॉजी की सहायता से संचालित इन कोर्स में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क है। इस शॉर्ट टर्म कोर्स की अवधि तीन से चार महीने की होगी। ये कोर्स आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को भविष्य में नौकरी एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रत्येक कोर्स में 27-27 सीटों पर प्रवेश आवंटित किए जाएंगे। इन कोर्स में प्रवेश हेतु निर्धारित योग्यता दो वर्षीय व्यवसाय से आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवंटित किए जाएंगे। जो भी युवा इन कोर्स में जाना चाहते हैं वो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादनगर में संपर्क कर सकते हैं।

### नवोदय बालिका विद्यालय में प्रवेश के लिए होगी 29 मई को परीक्षा




करंट क्राइम। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय निडोरी में केवल छात्राओं हेतु शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा छह, सात, आठ और नौ में रिक्त सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होंगे। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य के अनुसार कक्षा 6 में अनुसूचित जाति के बारह और पिछड़ा वर्ग के 4 एडमिशन सीट हैं। कक्षा 7 में अनुसूचित जाति की 14 और पिछड़ा वर्ग की 1 सीट है। कक्षा 8 में अनुसूचित जाति की 17 और कक्षा 9 में अनुसूचित जाति की 20 सीटें खाली हैं। कुल सीटें 68 हैं और प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 मई है तथा प्रवेश परीक्षा 29 मई को होगी।

## एक लाख से जीत के दावे पर बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर अडिग

### मतदान प्रतिशत भले ही हुआ कम लेकिन एक लाख वोटों से जीतेंगे हम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था और मतदान के बाद से ही हर दल अपनी जीत के दावे कर रहा है। यहां कांग्रेस ने जीत का दावा किया है और भाजपा अपनी जीत के दावे को मार्जिन के हिसाब से घटा रही है। इन सबके बीच बसपा के लोकसभा उम्मीदवार ने भी अपनी जीत का दावा किया है।

### मतगणना की तैयारी में जुटा हूं और मौजूद हूं गाजियाबाद में

करंट क्राइम। बसपा के लोकसभा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर कहा कि वह गाजियाबाद में ही हैं। उन्होंने करंट क्राइम से बातचीत में ये बताया कि वह मतगणना की तैयारी में जुटे हुए हैं वह गाजियाबाद में ही हैं। अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नन्द किशोर पुंडीर ने आशंका जताई कि अगर कोई गड़बड़ ना हुई तो हमारा मुकाबला भाजपा से होगा। उन्होंने बताया कि वह मतगणना की तैयारी करा रहे हैं। 90 पोलिंग एजेंट बनाये जाने हैं उसकी तैयारी चल रही है। यहां बसपा के लोकसभा उम्मीदवार ने कहा कि उन्हें बूथवाईज मतदान की रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि उन्होंने निर्वाचन विभाग से रिपोर्ट लेने के लिए सम्पर्क साधा था लेकिन निर्वाचन से जुडे अधिकारियों ने इसे गोपनीय बताते हुए इसे देने से इंकार कर दिया।

बसपा के लोकसभा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि मैं अपनी जीत के दावे पर कायम हूं। उन्होंने कहा कि बसपा यहां एक लाख वोटों से चुनाव जीतेगी। मैं अपने दावे पर कायम हूं एक लाख वोटों से बसपा यहां चुनाव जीत रही है। बसपा उम्मीदवार नन्द किशोर पुंडीर ने अपना मुकाबला भाजपा से बताते हुए कहा कि यहां भाजपा दूसरे नंबर पर रहेगी।



बसपा को सभी वर्गों का वोट मिला है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत भले ही कम हुआ है लेकिन जीत हमारी हो रही है। मैं अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हूं।

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह की सोच और मेहनत लाई रंग

### केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल पर एयर क्वालिटी सुधार रैंक में गाजियाबाद चौथे स्थान पर





**मियवकी पद्धति से प्लांटेशन, सड़क सुधार के कार्य, अमृत सरोवर का कार्य, प्रतिदिन एंटी स्मोक तथा वॉटर स्प्रिंकलर का कार्य व अन्य प्रयासों से बदल रही शहर की हवा**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की प्लानिंग से नगर निगम बेहतर कार्य कर रहा है, जिसके अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर भी लगातार कार्य चल रहे हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद का भारत में चौथा स्थान केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड पोर्टल पर दशार्या गया है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर को धूलमुक्त बनाने के क्रम में सड़कों का सुधार भी कराया गया है। औद्योगिक क्षेत्र में अधिकांश कार्य एनवायरमेंट प्रोटक्शन फंड के माध्यम से कराए गए हैं, लगभग 20 करोड़ के कार्य औद्योगिक क्षेत्र में सड़क सुधार के कराए गए। एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत भी लगभग 8 से 10 करोड़ के कार्य कराए गए जिसमें औद्योगिक क्षेत्र को सुधारते हुए धूलमुक्त किया गया है। गाजियाबाद नगर निगम की रिक्त भूमि पर मियवकी पद्धति से एक से दो लाख पौधे लगाए गए तथा उनका संरक्षण भी किया जा रहा है जिससे वायु गुणवत्ता में काफी फर्क पड़ा है, प्लांटेशन का कार्य लगातार उद्यान विभाग द्वारा बढ़ाया जा रहा है और उनके संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नगर आयुक्त द्वारा शहर हित में प्रतिदिन वायु गुणवत्ता सुधार के लिए 8 से 10 एंटी स्मोकगण तथा लगभग 20 वॉटर स्प्रिंकलर मार्गो पर चलवाए जा रहे हैं जो कि प्रतिदिन 50 किलोमीटर तक का एरिया कवर कर रहे हैं जिनको चलाने के साथ-साथ उनकी मॉनिटरिंग भी प्रबल की गई हैा जीपीएस के आधार पर उपकरणों को चलवाया जा रहा है, वायु गुणवत्ता में सुधार लाया जा रहा है। वायु गुणवत्ता सुधार के लिए पांच अमृत सरोवर का जीर्णोद्धार जलकल विभाग कर रहा है, इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क भी शासन से स्वीकृत करा लिया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पोर्टल के माध्यम से तिमाही रिपोर्ट में गाजियाबाद को भारत में चौथे स्थान पर तथा उत्तर प्रदेश में दूसरे स्थान पर दशार्या जा रहा है और यह सब जनसहभागिता से ही संभव हो पाया है।

## शहर सीट पर क्यों उठने लगी है अब गुर्जर फैक्टर पर टिकट दिये जाने की आवाज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में हर वर्ग अपनी भागीदारी चाहता है। राजनीति में जातीय समीकरण संगठन से लेकर टिकट तक साधा जाता है। अभी शहर सीट का भविष्य बाकी है लेकिन भाजपा के चेहरों ने शहर सीट से अपने भविष्य का आंकलन शुरू कर दिया है। मौजूदा समय में अतुल गर्ग यहां से विधायक हैं और अतुल गर्ग को भाजपा लोकसभा का चुनाव लड़ा रही है। यदि अतुल गर्ग लोकसभा का चुनाव जीत जाते हैं शहर विधानसभा सीट खाली हो जायेगी और इस सीट पर उपचुनाव होगा। अभी तीन साल बाकी हैं और सीट को लेकर अभी से दावेदारी शुरू हो गई है। शहर विधानसभा सीट को लेकर गुर्जर फैक्टर की आवाज आने लगी है। गुर्जर समाज के कई प्रमुख चेहरों ने अब ये आवाज उठानी शुरू कर दी है और बिरादरी वाली बैठकों से ये आवाज आने लगी है कि आखिर गुर्जर समाज कब तक दूसरी बिरादरी के जनप्रतिनिधियों की जिंदाबाद करता रहेगा। गुर्जर समाज को सियासी भागीदारी कब मिलेगी। गुर्जर समाज के चेहरे चुनावी टिकट के निकट कब आयेगें। भाजपा के पास कई गुर्जर चेहरें है और इन चेहरों को विधानसभा भेजने में भाजपा रूचि दिखाये। गुर्जर चेहरों की इस फेहरिस्त में कई प्रमुख चेहरे हैं जिनमें पृथ्वी सिंह कसाना, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, भाजपा महामंत्री पप्पू पहलवान, यतेन्द्र नागर और हातम सिंह नागर के नाम हैं। बताया जाता है कि गुर्जर समाज की एक लॉबी ये चाहती है कि टिकट दावेदारी के समय भाजपा का थिंक टैंक गुर्जर समाज पर भी विचार करे। ये लॉबी माहौल बना रही है कि गुर्जर समाज हमेंशा से भाजपा को सपोर्ट करता आया है वो भाजपा का कोर वोटर है। शहर विधानसभा उपचुनाव में गुर्जर समाज के किसी चेहरे को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलना चाहिए। वो माहौल बना रहे हैं कि लंबे समय से गाजियाबाद में किसी गुर्जर चेहरे को जनप्रतिनिधि बनने का मौका नहीं मिला है। जबकि पार्टी के पास मजबूत गुर्जर चेहरे हैं। वो ये भी मांग कर रहे हैं कि शहर में गुर्जर वोटों की गिनती करा ली जाये और गुर्जर समाज को टिकट दिया जाये।

**गुर्जर समाज का कहना आखिर कब तक हम करते रहेंगे दूसरे चेहरों की जिंदाबाद**

### छात्र राजनीति से शुरू हुआ था यतेन्द्र नागर का सफर



करंट क्राइम। यतेन्द्र नागर भाजपा के गुर्जर नेता हैं। एक ऐसे गुर्जर नेता जिनकी राजनीति की शुरूआत ही छात्र जीवन में हो गई थी। वो अखिल भारतीय विकास परिषद के बैनर पर एमएमएच कॉलेज के छात्र संघ के अध्यक्ष का चुनाव जीते थे। उनके छात्र राजनीति के साथी नन्द किशोर गुर्जर लगातार दूसरी बार विधायक हैं लेकिन यतेन्द्र नागर को मौका नहीं मिला है। यतेन्द्र नागर को भाजपा में पद तो मिले लेकिन उन्हें वो कद नहीं मिला जिसे वो डिजर्व करते हैं। यतेन्द्र नागर अभी भी अपने सियासी सफर में मंजिल की खोज में हैं। गुर्जर समाज का ये चेहरा भी चुनावी रण में एक ताकत रखता है।

### कब आयेगा विधानसभा में पृथ्वी सिंह कसाना का नाम



करंट क्राइम। अगर वरिष्ठता टिकट वितरण में कोई पैमाना है तो यहां सबसे पहला नाम पृथ्वी सिंह कसाना का आता है। पृथ्वी सिंह कसाना पुराने भाजपाई है। शिक्षाविद् हैं और राजनीति के थिंकटैंक माने जाते हैं। शालीन राजनीति के पक्षधर हैं और शानदार वक्ता हैं। भाजपा का ये गुर्जर चेहरा सत्तावाली सियासत में हाशिये पर चल रहा है। वरिष्ठता के साथ साथ भाजपा के प्रति समर्पण भी है। अब बिरादरी वाले ही पूछ रहे हैं कि इतने समर्पित कार्यकर्ता का नाम क्या टिकट वाली लिस्ट में नहीं आयेगा। यदि आयेगा तो ये बताया जाये कि उनका नंबर कब आयेगा।

### विधानसभा से लेकर देहात चुनाव के खिलाड़ी हैं प्रशांत चौधरी



**करंट क्राइम।** प्रशांत चौधरी विधान परिषद सदस्य रहे हैं। उनकी पत्नी हेमलता चौधरी बागपत से विधायक रहीं हैं। प्रशांत चौधरी ने अपना सियासी सफर ब्लॉक प्रमुख से शुरू किया था और उन्हें देहात की राजनीति का भी एक्सपर्ट माना जाता है। जिला पंचायत वाले चुनावी गणित को भाजपा के पक्ष में करने में एक बड़ी भूमिका एक समय पर रही है। गुर्जर समाज का ये कद्दावर चेहरा फिलहाल भाजपा में साईलेंट मोड पर रखा गया है। यदि बात चुनाव की है तो इस चेहरे को चुनाव लड़ने, हारने, जीतने सभी का अनुभव है। गुर्जर समाज में अपनी मजबूत पकड़ रखते हैं।

### वार्ड और संगठन की राजनीति से आगे कब आयेंगे पप्पू पहलवान



करंट क्राइम। पप्पू पहलवान भाजपा महानगर महामंत्री हैं। उनकी पत्नी ओमवती भाजपा पार्षद हैं। पप्पू पहलवान स्वयं पार्षद रहें है और अपने वार्ड में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनका राजनीतिक कद वार्ड की राजनीति से कहीं आगे है। बीते दिनों एक बड़ी खेलकूल प्रतियोगिता कराकर उन्होंने खुद के सामाजिक दमखम को साबित किया था। नदिया पार का ये चेहरा एक मजबूत थीम के साथ राजनीति करता है। संगठन के अनुशासित सिपाही हैं और क्षेत्र में उनकी टीआरपी का जलवा है। अगर गुर्जर फैक्टर पर टिकट भागीदारी की बात है तो इस नाम को इग्नोर किया ही नहीं जा सकता।

### क्या कंसीडर होगा हातम सिंह नागर का भी नाम



करंट क्राइम। हातम सिंह नागर कांग्रेस से भाजपा में आये। उनकी भाजपा वाली राजनीति की शुरूआत वर्ष 2014 में गाजियाबाद में जनरल वीके सिंह के लोकसभा सांसद वाले कैरियर के साथ शुरू हुई। वो जनरल वीके सिंह के करीबी नेताओं में गिने जाते हैं। उन्हें किसान मोर्चा में भी पद मिला और वो जम्मू कश्मीर में भी संगठन की ओर से दायित्व देकर भेजे गये। अब एक नाम गुर्जर समाज का ये भी है और इस नाम को लेकर ये चर्चा है कि क्या गुर्जर समाज के चेहरे हातम सिंह नागर को भी पार्टी कभी एक लीडर के रूप में चुनावी टिकट के लिए कंसीडर करेगी।



# सेफ सिटी को लेकर नगरायुक्त का नया विजन, शहर के सीसीटीवी बनेंगे यहा की आंख

## औद्योगिक संगठनों, व्यापारियों, अस्पतालों एवं शिक्षा संस्थानों में सेफ सिटी योजना को लेकर उत्साह

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** शहर की सुरक्षा को लेकर उद्योग बंधुओं ने भी अपना कदम आगे बढ़ाया है जिसके तहत औद्योगिक क्षेत्र में लगे हुए कैमरे जो कि बाहर की तरफ लगे हैं उनको गाजियाबाद नगर निगम के साथ इंटीग्रेट करने के लिए सहमति दी गई है। इस पूरी प्रक्रिया को अमली जामा पहनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम टीम तथा औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी के बीच एक बैठक हुई। बैठक में किस प्रकार कैमरों का इंटीग्रेशन किया जाना है विस्तार से बताया गया। इसी के साथ



गाजियाबाद के अन्य शिक्षा संस्थान भी सेफ सिटी योजना के अंतर्गत बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा सभी शहर के शिक्षा संस्थानों, विद्यालयों में आगमन तथा निकासी गेट पर लगे हुए कैमरों को इंटीग्रेट करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## नगर निगम कर रहा है कैमरा इंटीग्रेशन पर काम

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि सेफ सिटी योजना के अंतर्गत शहर के अधिक से अधिक कैमरों को गाजियाबाद नगर निगम आई ट्रिपल सी सेंटर से निगम के अधिकारी व अन्य टीम व्यापारी वर्ग से, औद्योगिक क्षेत्रीय संगठनों से, शिक्षा संस्थानों से, शहर के अस्पताल व अन्य प्रतिष्ठानों से लगातार समन्वय स्थापित कर कैमरा इंटीग्रेशन के कार्य को तेजी से किया जा रहा है जिसमें सफलता भी प्राप्त हो रही है। लगभग 600 से अधिक कैमरों के इंटीग्रेशन के लिए कार्यवाही चल रही है। औद्योगिक बंधुओं के आयुक्त श्री नाथजी से भी बैठक की गई जिसमें सभी औद्योगिक संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। अपने कैमरा इंटीग्रेटेड के लिए सहमति भी दी तथा उपस्थित जनों को किस प्रकार कैमरा इंटीग्रेशन किया जाना है प्रशिक्षण भी दिया गया। नगर निगम गाजियाबाद के सीमा अंतर्गत आने वाले समस्त राजकीय,अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तीय विहीन, उच्च माध्यमिक विद्यालय, इंटरमीडिएट कॉलेज, यूपी व सीबीएसई बोर्ड संचालन कर्ता कोचिंग सेंटर, जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा कैमरा इंटीग्रेशन मेंसहयोग करने के निर्देश दिये गये हैं। शहर में सेफ सिटी योजना के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा जो बाहर की तरफ लगे हुए हैं उनका इंटीग्रेशन का कार्य करने के लिए उत्साह भी देखा जा रहा है, नगर आयुक्त द्वारा शहर के व्यापारियों से, औद्योगिक बंधुओं से, शिक्षा संस्थानों से, प्रमुख प्रतिष्ठानों से होटल संचालकों से अस्पताल प्रबंधन से व अन्य जिनके द्वारा शहर की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कैमरा लगाए हुए हैं उन्हें इंटीग्रेटेड करने के लिए अपील की जा रही है, बैठक में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश अनेजा, लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष अमरीश गोयल, साउथ साइड जीटी रोड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम चौहान, अमृत स्टील कंपाउंड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्य भूषण अग्रवाल, गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के अध्यक्ष अरुण शर्मा, आनंद इंडस्ट्रियल एरिया संगठन के अध्यक्ष किरणपाल पांचाल, इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन बीएस रोड के कोषाध्यक्ष अनिल तथा जोनल प्रभारी सिटी जोन नगर निगम तथा विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

## न्यूज डायरी

### तेजस्वी यादव का बड़ा दावा, पुलिस विभाग में भी अग्निवीर योजना लाने की भाजपा कर रही तैयारी



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने केंद्र की बीजेपी सरकार को एक बार फिर निशाने पर लिया है। उन्होंने पुलिस विभाग में भी सेना की तरह अग्निवीर योजना लाने की मंशा रखने का बीजेपी पर आरोप लगाया है। पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि पूरे देश भर में युवाओं के बीच जो सबसे बड़ा मुद्दा बन रहा है वह अग्निवीर योजना है। हमारी अधिकारियों से बात हुई है। सरकार पुलिस में भी अग्निवीर योजना लाना चाहती है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले तो ओल्ड पेंशन स्कीम को खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा कि साल 2000 में भाजपा सरकार ने ही सबसे पहले पेंशन खत्म किया था, इससे लोगों में काफी आक्रोश है। युवाओं में आक्रोश है, खासकर उन नौजवानों में जिन्हें 4 साल में ही बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने पर इन युवाओं को शहीद का दर्जा भी नहीं दिया जाएगा। इस युवाओं को ना पेंशन का लाभ मिलेगा और ना ही कैंटीन की सुविधा मिलेगी। देश के नौजवानों को सताने वाला काम किया जा रहा है, तंग किया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर शिक्षकों को सताने के साथ-साथ मुसलमान और पिछड़ा समाज का शोषण करने का आरोप लगाया। वहीं, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की ओर से भ्रष्टाचारी को ठोक कर जेल भेजने वाले बयान पर तेजस्वी ने कहा कि सभी भ्रष्टाचारियों को भाजपा में उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है, टिकट दिया जा रहा है और जो बलात्कारी है उनको विदेश भाग दिया जा रहा है। बता दें, सम्राट चौधरी ने कहा था कि भ्रष्टाचार करने वाले लोग भाजपा से परेशान हैं। सभी भ्रष्टाचारियों को ठोक के जेल में डालूंगा, जो भ्रष्टाचार करेंगे उसे कोई बचा नहीं सकता है। पीएम मोदी की गारंटी है, सीएम केजरीवाल, हेमंत सोरेन, लालू यादव सबको जेल में ही रहना है।

### कलकत्ता हाई कोर्ट ने गिरफ्तार भाजपा नेता को रिहा करने का दिया आदेश



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार को झटका देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को संदेशखाली की महिला भाजपा नेता मम्पी दास को रिहा करने का आदेश दिया। एक स्थानीय भाजपा नेता के स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था जिसमें कहा गया था कि महिलाओं के विरोध-प्रदर्शन की पटकथा भाजपा ने रची थी और उसी ने उसे कार्यान्वित किया तथा इसमें दास की महत्वपूर्ण भूमिका थी। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने गिरफ्तारी के लिए अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए पूछा कि पुलिस की कार्रवाई के पीछे किसका हाथ है। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने दास को निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया और उनके खिलाफ लगाई गई आईपीसी की धारा 195ए (गलत साक्ष्य देने की धमकी के लिए सजा) पर रोक लगा दी। मामले की अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

### भारत विकास परिषद् ने रोगों से रोकथाम की जानकारी दी

**मोदीनगर ,करंट क्राइम।** भारत विकास परिषद् मोदीनगर इकाई की ओर से तुलसीराम माहेश्वरी पीबीएएस इंटर कॉलेज में सेनेटरी पैड्स वेंडिंग मशीन, इन्सॉलेशन एवं मेन्सट्रअल हाइजीन वर्कशॉप आयोजित की गयी। कार्यक्रम का आरम्भ वन्देमातरम से किया, तत्पश्चात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी मिश्रा ने सेनेटरी पैड्स मशीन का इन्सॉलेशन कराया एवं साथ ही उन्होंने छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को फीमेल्स में होने वाले सर्वाइकल कैंसर व उसके रोकथाम तथा टीकाकरण के बारे में जानकरी दी और मेन्सट्रअल हाइजीन के विषय में संतुलित आहार, स्वच्छता, अनियमितता इत्यादि तत्वों से अवगत कराया। इस अवसर पर स्कूल की उपप्रधानाचार्या डॉ. राखी, डॉ. विप्रा, खेमराज आर्य, हरीश, चारू व रंजना आदि उपस्थित रहे।

### बाइक ने छात्रा को मारी टक्कर ,गंभीर घायल

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में रेलवे रोड पर कॉलेज से आ रही कक्षा छह की छात्रा को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर की ब्रजविहार कॉलोनी निवासी ग्यारह वर्षीय कक्षा छह की छात्रा आयुध निमार्णी परिसर स्थित एचएलएम गर्ल्स इंटर कॉलेज में पढ़ाई करती है। शनिवार दोपहर बारह बजे के आसपास छात्रा कॉलेज की छुट्टी के बाद पैदल ही अपने घर जा रही थी। जब वह रेलवे रोड पर पहुंची तो तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह काफी दूर जा गिरी और हाथ में गंभीर चोट आ गई। टक्कर मारने के बाद युवक बाइक लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने छात्रा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी।

### दूसरे का मकान दिखाकर दो लाख हड़पे

लोनी, करंट क्राइम। प्रॉपर्टी डीलरों ने दूसरे के मकान का सौदा कर युवती से दो लाख रुपए हड़प लिए। युवती को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो उसने पैसे वापस मांगे, लेकिन उन्होंने पैसे लौटाने से इंकार कर दिया। पीड़िता की मां ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी बॉर्डर थाने की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी निवासी ममता गुप्ता ने बताया कि उसकी बेटी दीपाली को एक मकान की आवश्यकता थी। उसने प्रॉपर्टी डीलर ब्रिजेश शर्मा, सुरेन्द्र और उनके साथियों से मकान दिलाने को कहा। आरोप है कि उक्त प्रॉपर्टी डीलरों ने दीपाली को लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी में एक बना हुआ मकान दिखाकर उसका सौदा 5.79 लाख रुपए में तय कर दो लाख रुपए बतौर बयाना ले लिया। आरोप है कि प्रॉपर्टी डीलरों ने बताया था कि यह मकान हिमाचल में रहने वाले संतोष कुमार का है जबकि मकान किसी और का था। उसने पैसे वापस मांगे तो उसे धमकी देते हुए मुंह बंद रखने को कहा। पीड़िता ने ब्रिजेश शर्मा, सुरेन्द्र, संदीप, आकाश और उनके एक अज्ञात साथी के विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### दो वर्षीय मासूम के साथ अश्लील हरकतें करता था युवक

लोनी, करंट क्राइम। एक युवक ने पास की कॉलोनी में रहने वाले युवक पर पत्नी से अवैध संबन्ध तथा दो वर्षीय मासूम बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकुर विहार थाने की एक कॉलोनी में रहने वाले युवक ने बताया कि पास की कॉलोनी में रहने वाले अतुल कुमार के उसकी पत्नी से अवैध संबन्ध हैं। आरोप है कि अक्सर अतुल उसके घर आता रहता है तथा उसकी दो वर्षीय बेटी के साथ भी अश्लील हरकतें करता है। बेटी ने उसे अतुल की हरकतों की जानकारी दी तो उसने उससे पूछताछ की। जिस पर वह उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## लखनऊ से रिकार्ड मतों से विजयी होंगे राजनाथ सिंहः पार्षद राजकुमार नागर



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** वार्ड-65 के पार्षद राजकुमार नागर, सचिन सोनी व वरुण नागर ने लखनऊ संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में प्रचार किया। पार्षद राजकुमार नागर ने बताया कि लखनऊ में एकतरफा माहौल भाजपा के पक्ष में है वहां विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं। राजकुमार नागर ने कहा कि राजनाथ सिंह रिकार्ड मतों से विजयी होकर लखनऊ से इतिहास रचने जा रहे हैं। उन्होंने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व लखनऊ संसदीय क्षेत्र में चुनावी कमान संभाले उनके पुत्र नीरज सिंह से भी मुलाकात की।

## शक में पति ने पत्नी की हत्या कर खुद भी फांसी लगाई

**लोनी करंट क्राइम।** पत्नी पर शक के चलते शंकर विहार कॉलोनी में शुक्रवार सुबह एक युवक ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी की हत्या के बाद वह दो घंटे तक शव के साथ बैठा रहा और उसके फोटो रिश्तेदारों को व्हाटसअप पर वायरल किए। जिसके बाद उसका छोटा भाई उसके घर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। इस दंपति की एक छह वर्ष की बेटी है, वह अपने दादा दादी के पास एटा में रहती है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और मामले की जांच कर रही है।






मूल रूप से एटा के ग्राम गदूरी थाना निधौली का रहने वाला श्याम गोस्वामी 30 अपनी पत्नी प्रिया गोस्वामी के साथ गत करीब तीन वर्षों से लोनी में अंकुर विहार थाने की शंकर विहार कॉलोनी में रह रहा था। वह स्टेरिंग कवर का काम करता था जबकि उसकी पत्नी प्रिया गत करीब छह माह से नोएडा की एक कम्पनी में नौकरी करती थी तथा वहीं रहती थी। कभी कभी वह पति से मिलने लोनी आती रहती थी। श्याम गोस्वामी पत्नी के चरित्र पर शक करता था जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद था और झगड़ा होता रहता था। कई दिनों से श्याम गांव गया हुआ था। बुधवार को प्रिया ननद के घर करावलनगर दिल्ली आई थी। ननद ने श्याम को फोन कर लोनी बुला लिया। गुरुवार शाम प्रिया पति के गांव से लौटने पर उसके घर लोनी पहुंची। दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ और शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे श्याम ने पहले दुपटटे से पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी और उसके बाद उसी दुपटटे से खुद छत में लगे कुंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पत्नी की हत्या के बाद वह दोपहर करीब एक बजे तक शव के पास बैठा रहा। इसी दौरान उसने व्हाटसअप पर मृतक पत्नी के फोटो रिश्तेदारों को भेजे। जिसके बाद उसका छोटा भाई प्रवीण उसके घर पहुंचा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। वह पड़ोसी से सीढ़ी लेकर घर के अंदर पहुंचा तो भाई भाभी के शव देख उसके होश उड़ गए। उसने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं तथा मामले की जांच कर रही है। श्याम गोस्वामी की एक छह वर्षीय बेटी काजल है, वह दादा दादी के पास गांव में रहती है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा का कहना है कि उसने करीब 11 बजे पत्नी की हत्या की होगी जिसके बाद वह करीब दो घंटे तक शव के पास बैठा रहा होगा। इसी दौरान उसने मृत पत्नी के फोटो मोबाइल में लेकर व्हाटसअप पर रिश्तेदारों को भेजे और दोपहर करीब एक बजे खुद भी उसी दुपटटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## रायबरेली और अमेठी दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाने वाली हैं : अमित शाह

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) को बड़ा झटका लगा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऊंचाहार से विधायक मनोज पांडेय को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान शाह ने दावा किया कि इस बार रायबरेली और अमेठी दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाने वाली है। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह से चर्चा के बाद सपा विधायक मनोज कुमार पांडेय ने शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लयिा। मनोज पांडेय के भाजपा में आने से लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की राह आसान होगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि परिवारवादी लोग चाहते हैं कि उनके परिवार के लोग ही मुख्यमंत्री बने। बंगाल में ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, बिहार में लालू यादव अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। वो कहते हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट गांधी परिवार की सीट है, ये सीट किसी की नहीं बल्कि जनता की है, जनता जिसे सीट देगी, उसे ही सीट मिलेगी। रायबरेली और अमेठी की सीटें भाजपा जीतेगी।



गृह मंत्री शाह ने कहा कि आजादी के 70 साल के बाद पीएम मोदी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई। लेकिन, मेरी बात याद रखना अगर ये इंडी अलायंस वाले आ गए, तो ये राम मंदिर पर फिर से बाबरी ताला लगा देंगे। वो कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट हमारे परिवार की सीट है। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि इन्हें किसने विरासत में दी ये सीट? डंके की चोट पर कह रहा हूं कि अमेठी में स्मृति बहन और रायबरेली से दिनेश प्रताप जी जीतेंगे और ये दोनों सीट पीएम मोदी की झोली में जाने वाली है। शाह ने कहा कि मणिशंकर अय्यर और फारुख अब्दुल्ला कहते हैं कि पीओके की बात मत करो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, आपको डरना है तो डरिए, लेकिन, ये पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। जो परिवार की सीट कहते हैं, उनकी लोकसभा में 70 साल से कलेक्टर ऑफिस नहीं था। 2018 में वहां कलेक्टर ऑफिस की नींव डालने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश से गुंडों को चुन-चुनकर साफ करने का काम योगी आदित्यनाथ ने किया है। अमेठी और रायबरेली सालों से गांधी परिवार को अपना नेता मानता रहा। मगर, उन्होंने कभी इन्हें अपना नहीं माना। यहां कम से कम 600 लोग अलग-अलग दुर्घटना में मारे गए, लेकिन, सोनिया जी मिलने नहीं आईं। जन प्रतिनिधि ऐसा चुनिए जो आपके काम आए। स्मृति ईरानी मुंबई से आई हैं, 2014 में जब मैं यहां उनके प्रचार में आया, तो मुझे लगा कि यहां स्मृति ईरानी जी क्या करेंगी। तब, उन्होंने कहा कि मैं यहां घर बनाउंगी और यहीं रहूंगी। आज उन्होंने गौरीगंज में घर भी बना लिया है और वहीं रहती हैं। उन्होंने कहा कि दिनेश प्रताप सिंह जैसा हर समय जनता के बीच रहने वाला प्रत्याशी पीएम मोदी ने आपको दिया है। मैं आपको गारंटी देकर जाता हूं, दिनेश प्रताप को चुन लीजिए, आपकी हर जरूरत के वक्त यह आपको मिलेंगे। ये मेरी जिम्मेदारी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मैं आपसे अपील कर रहा हूं, दोनों सीट (अमेठी और रायबरेली) के मतदाता पीएम मोदी की विकास गंगा से जुड़ जाइए।

## बाइक स्कूटी से टकराई , दो की मौत , दो की हालत गंभीर

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में पाइपलाइन मार्ग पर नवीपुर पुलिया स्थित दीप पब्लिक स्कूल के सामने बाइक व स्कूटी की आमने सामने की भिड़त में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक व स्कूटी पर सवार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को गाजियाबाद व दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिला मेरठ के गांव नहाली निवासी 53 वर्षीय अरशद परिवार सहित रहते हैं। वह शुक्रवार को अपनी स्कूटी से पाइपलाइन मार्ग से दिल्ली की ओर जा रहे थे। दोपहर दो बजे के आसपास जब वह पाइपलाइन मार्ग पर नवीपुर पुलिया स्थित दीप पब्लिक स्कूल के सामने पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।





टक्कर लगने के बाद बाइक सवार तीन युवक व स्कूटी सवार अरशद उछलकर काफी दूर जा गिरे। बाइक व स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। चीख पुकार सुन मौके पर पहुंचे राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस का दी। पुलिस ने बाइक सवार तीन युवकों व स्कूटी सवार को नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां पर बाइक सवार दो युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की शिनाख्त 19 वर्षीय शाहनवाज उर्फ सानू पुत्र जमील व 28 वर्षीय जहांगीर पुत्र निजाम निवासी पंसौडा थाना टीला मोड़ गाजियाबाद के रूप में हुई। हालत गंभीर होने पर बाइक सवार अबरार को गाजियाबाद जिला संयुक्त अस्पताल व स्कूटी सवार अरशद को दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि मृतक शाहनवाज व जहांगीर व घायल पाइपलाइन मार्ग स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करते हैं। वह शुक्रवार दोपहर को नमाज पढ़ने के लिए फरुखनगर स्थित एक मस्जिद में गए थे। तीनों एक ही बाइक पर वापस आ रहे थे। बताया गया कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। एक वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक की टक्कर स्कूटी से हो गई। एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 25 मई तक चलेगा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 13 यूपी गर्ल्स बटालियन की ओर से दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर गुरुवार से शुरू हो चुका है जो 25 मई तक चलेगा। शिविर का शुभंरम्भ कैंप कमांडेट कर्नल खुशवीर नंदा एवं यूनिवर्सिटी के उप कुलपति पीयूष श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जनपदों से आए लगभग 560 एनसीसी कैडेटस प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे शिविर का मूल उद्देश्य रेजिमेंटल लाइफ को समझना और सामाजिक जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करना है। शिविर के 10 दिनों की अवधि में आत्मबल एवं अनुशासन के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रम भी कराए जाएंगे। इस अवसर पर मेजर मुन्नी पंकज, सूबेदार राजेश सिंह व राजेश कुमार के साथ नायब सूबेदार ज्ञान सिंह, वी०पी० तिवारी, बी०एच०एम० अरविंद सिंह और स्कूल ऑफ एजूकेशन के प्रधानाचार्य डॉ० अवधेश प्रताप सिंह, यूनिवर्सिटी के एन०सी०सी० की सी०टी०ओ० डॉ० नेहा चौधरी मौजूद रहीं।


**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र० सं० | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं०/योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री मनोहर लाल पुत्र श्री राम किशन | 5/240 वैशाली | श्री राजेश खत्री, श्री संजीव खत्री व श्री अमित खत्री पुत्रगण स्व. श्री मनोहर लाल | 5/240, वैशाली, गाजियाबाद 981119808 | आवंटी श्री मनोहर लाल की मृत्यु दि0 09.08.2023 को होने के कारण | फ्री-होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहा0 प्रभारी सम्पत्ति**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**



**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है। उक्त श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. हीरा सिंह भाकुनी को आवंटित है। शासनादेश अनुसार इनके द्वारा दिनांक 15.03.2007 को लीज डीड निष्पादित करायी गयी है। इनकी मृत्यु दिनांक 09.12.2022 को हो चुकी है। मृतक की वारिस पत्नी श्रीमती बसंती देवी पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र सिंह के द्वारा नाम दर्ज हेतु मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिसान प्रमाण पत्र, शपथ पत्र व पहचान पत्र, अन्य वारिसों के द्वारा अनापत्ति शपथ पत्र प्रस्तुत करते हुए मृतक के स्थान पर उक्त भवन के अभिलेखों में नामदर्ज करने का अनुरोध किया गया है। विवरण निम्नवत् है:-


| क्र० सं० | मूल आवंटी/पट्टाधारक/स्वामी का नाम | भवन संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार भाकुनी पुत्र श्री हीरा सिंह भाकुनी | सी-342 ए | लाजपत नगर गाजियाबाद | श्रीमती बसंती देवी पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र सिंह | सी-342 ए, सै.-4, लाजपतनगर, गाजियाबाद | मृत्यु उपरान्त नाम दर्ज है | मूल आवंटी |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भवन के नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति का नाम से सम्पत्ति का नामान्तरण प्राधिकरण अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति, जोन-7**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। शनिवार 18 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# सपा नेता पंकज शर्मा हो गये पटका पहनकर भाजपाई, बाकी सब ठीक है!

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के समाजवादी प्रबुद्ध का पिछले कई दिनों से विचारधारा को लेकर एक युद्ध अपने आप से चल रहा था। पंकज शर्मा समाजवादी पार्टी के प्रबुद्ध सभा के प्रदेश महासचिव पद पर थे।

समाजवादी पार्टी के बुद्धिजीवी नेताओं में गिने जाते हैं और पिछले कई दिनों से वो सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट के जरिए कुछ संदेश दे रहे थे। पंकज शर्मा समाजवादी राजनीति के वो चेहरे हैं जो विधायक मनोज पांडेय के करीबी माने जाते हैं उनका मनोज पांडेय से पुराना जुडाव है।

मनोज पांडेय सपा विधायक हैं और वो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सियासी नवरत्नों में गिने जाते हैं। मनोज पांडेय नाटकीय घटनाक्रम में पहले सपा छोडकर गये और फिर वो भाजपाई हो गये। उसी दिन से ये इंतजार था कि गाजियाबाद के पंकज शर्मा अब कब भाजपाई होंगे। मनोज पाडेंय के भाजपा ज्वाईन करने के बाद से ही सभी की निगाहें पंकज शर्मा पर थीं। पंकज शर्मा ने उस समय कई सैद्धान्तिक बातें कहीं और साथ में ये भी कहा कि मनोज पांडेय मेरे लिए सर्वप्रथम हैं। अब अगर मनोज पांडेय सर्वप्रथम हैं और वो भाजपा में हैं तो फिर प्राथमिकता भाजपा की ही रहनी थी।



## गृहमंत्री अमित शाह के कर कमलों से हुई कमल वाले दल में दमदार ज्वाइनिंग

शुक्रवार को पंकज शर्मा ने भाजपा ज्वाईन कर ली। पंकज शर्मा रायबरेली में जिस मंच पर भाजपाई हुए वो मंच उनसे रश्क रखने वाले कई चेहरों के लिए पंच हो सकता है। क्योंकि पंकज शर्मा जिस मंच पर भाजपाई हुए उस मंच पर देश के केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह थे। उस मंच पर स्मृति इरानी थी और रायबरेली का मंच गवाह रहा कि जब ज्वाईनिंग का पहला नाम पुकारा गया तब ये नाम पंकज शर्मा का था। पंकज शर्मा को अमित शाह ने भाजपा परिवार में शामिल किया। अब पंकज शर्मा भाजपाई हो गये हैं बड़े मंच पर बड़ी ज्वाईनिंग से उन्होंने बड़ा संदेश दिया है। कमल वाले दल में उनकी ज्वाईनिंग भी देश के केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कर कमलों से हुई है। अब सभी का यही सवाल है कि कल तक अपने सवालों से भाजपा को घेर रहे पंकज शर्मा अब अपने लहजे में फायर से फ्लावर की ओर बढ़ेंगे।



वो अपने शब्दों में अब कूल रहेंगे और जिस भाजपा को पहले घेर रहे थे अब पंकज शर्मा के लिखने की शैली भाजपा को लेकर सकारात्मक हो जायेगी। क्योंकि अब वो गले में भाजपा का पटका पहनकर भाजपाई हो गये हैं। बाकी सब ठीक है।

# पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा, अतुल गर्ग जीतेंगे 6 लाख वोटों से

**कहा 6 लाख से ऊपर भी हो सकती है जीत और पिछली बार का टूटेगा रिकार्ड**

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में गाजियाबाद में मतदान हुआ। मतदान के बाद से ही जीत के दावों को लेकर घमासान मच रहा है। गर्मी का पारा बढ़ रहा है और जीत का आंकड़ा खुद भाजपा वाले घटा रहे हैं। भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ने अपनी जीत के दावे के आकंड़े को घटाया। विधायकों ने भी कम मतदान का हवाला देते हुए जीत का आंकड़ा कम किया। लेकिन इन सबके बीच एक बार फिर सियासी तापमान को पूर्व राज्यसभा सासंद अनिल अग्रवाल ने बढ़ाया। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत से भाजपा की जीत पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। अनिल अग्रवाल ने दावा किया कि इस बार भाजपा 6 से 7 लाख वोटों से चुनाव जीतेगी।

उन्होंने कहा कि इस बार पिछली बार का रिकार्ड टूटेगा। पिछली बार लगभग 5.50 लाख वोटों से चुनाव भाजपा जीती थी और इस बार यह आंकड़ा 6 लाख से पार होगा। करंट क्राइम ने जब अनिल अग्रवाल से कहा कि भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग ही खुद अपनी जीत का दावा 4 लाख वोटों से कर रहे हैं तो फिर आप किस आधार पर 6 से 7 लाख की जीत का दावा कर रहे हैं। यहां पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह किसी व्यक्ति का चुनाव नहीं है। यह कमल का चुनाव है और भाजपा को वोट मिला है। उन्होनें अपने आंकलन के दावे को पुष्ट करते हुए कहा कि बूथ पर मौजूद कार्यकर्ता की रिपोर्ट सबसे बड़ा एक्जिट पोल होती है। मैंने बूथ कार्यकताओं से बात की है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर बात की है और मेरा अपना ये आंकलन है कि भाजपा 6 से 7 लाख वोटों से चुनाव जीतेगी।

## पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल भी लखनऊ टू बनारस



करंट क्राइम। चुनाव प्रचार वाले क्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल भी चुनाव प्रचार के लिए अपने गृह जनपद गाजियाबाद से बाहर हैं। वो गुरूवार को लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में मौजूद थे और उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार से बनारस यानि वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं। वह वाराणसी में कई स्थानों पर चुनाव प्रचार करेंगे।

# रोहनियां विधानसभा के शुलंटकेश्वर मंडल प्रवासी हैं मानसिंह गोस्वामी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पश्चिम बंगाल में डेरा डालकर चुनाव प्रचार करने वाले मानसिंह गोस्वामी को प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए लगाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में चुनाव की जिम्मेदारी मिलना अपने आप में गौरव की बात है।

ये इस बात का भी प्रतीक है कि मानसिंह गोस्वामी उन नेताओं में शुमार हैं जिनकी क्षमता और योग्यता पर पार्टी भरोसा करती है। मानसिंह गोस्वामी महानगर अध्यक्ष से लेकर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और विभिन्न दायित्व संभाल चुके हैं। पार्टी के प्रति उनके समर्पण और उनके साहस का मोलाहिजा पश्चिम बंगाल के चुनाव में हुआ था जब उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पश्चिम बंगाल में डेरा डालकर चुनाव प्रचार किया था। मानसिंह गोस्वामी ने वाराणसी चुनाव क्षेत्र में भी शीर्ष नेतृत्व का निर्देश मिलने के बाद डेरा डाल लिया है। वो यहां लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मानसिंह गोस्वामी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोहनियां विधानसभा के शुलंटकेश्वर मंडल प्रवासी बनाये गये हैं। यह मंडल लोकसभा के हिसाब से महत्वपूर्ण माना जाता है।



**मानसिंह गोस्वामी उन नेताओं में शुमार हैं जिनकी क्षमता और योग्यता पर पार्टी भरोसा करती है। मानसिंह गोस्वामी महानगर अध्यक्ष से लेकर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और विभिन्न दायित्व संभाल चुके हैं। पार्टी के प्रति उनके समर्पण और साहस का मोलाहिजा पश्चिम बंगाल के चुनाव में हुआ था जब उन्होंने बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पश्चिम बंगाल में डेरा डालकर चुनाव प्रचार किया था।**

जिस मंडल का प्रवासी मानसिंह गोस्वामी को बनाया गया है उस मंडल में 98 बूथ और 18 शक्ति केन्द्र आते हैं। मान सिंह गोस्वामी यहां सभी बूथों और शक्ति केन्द्रों पर लगातार काम कर रहे हैं। दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप वो चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

# साढ़े तीन साल तक इंतजार करने के बाद दे दिया नूदल के पेशेंस ने जवाब

**कर दिया खुद ही महाराणा प्रताप की मूर्ति का उद्घाटन और बैठकर किया हनुमान चालीसा का पाठ**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नदिया पार के करहैड़ा इलाके में महाराणा प्रताप की 15 फीट ऊंची मूर्ति का निर्माण 17 लाख की लागत से हुआ था। ये मूर्ति जनता के सहयोग से नरेन्द्र चौहान नूदल ने बनवाई थी। वो चाहते थे कि इस मूर्ति का उद्घाटन जनरल वीके सिंह करें। इसके लिए उन्होंने कई बार सम्पर्क किया, कई बार प्रयास किये। लेकिन बात बनी नहीं। अब जब जनरल वीके सिंह गाजियाबाद के लोकसभा सांसद नहीं हैं और चुनाव चल रहा है तब नरेन्द्र चौहान नूदल का पेंशेंस जवाब दे गया और उन्होंने खुद ही अष्टधातु से निर्मित महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण कर दिया। बताते हैं कि मूर्ति अनावरण की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और यहां सैंकड़ो ग्रामीण भी आ गये। अष्टधातु की ये मूर्ति लगभग साढे तीन साल से इंतजार देख रही थी और ठाकुर नरेन्द्र चौहान नूदल ने खुद ही मूर्ति का अनावरण कर दिया। इसके बाद उन्होंने मूर्ति का गंगा जल से स्नान कराया और फिर वहीं बैठकर हनुमान चालिसा का पाठ किया।

इसी बीच मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और यहां पर ये पता चला कि यह मूर्ति पहले से ही यहां स्थापित है और इस मूर्ति में सरकार का कोई पैसा नहीं लगा है।

यह किसी राजनीतिक दल से सम्बन्धित नहीं है। बताते हैं इसके बाद पुलिस वापस लौट गई। ठाकुर नरेन्द्र चौहान नूदल ने जब महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया तो इस मौके पर उनके साथ धर्मेन्द्र निर्वाण, ब्रजपाल निर्वाण, सुभाष जाटव, अनिल चौधरी, योगेन्द्र सिंह, नीरज सिंह, शशांक, भूषण और संजय चौहान मुख्य रूप से मौजूद थे।

## 29 मई को यहीं मनेगी महाराणा प्रताप जयंती

करंट क्राइम। करहैड़ा में अष्टधातु से निर्मित 15 फीट ऊंची महाराणा प्रताप की मूर्ति पर लगभग 17 लाख रुपए की लागत आई है। इसके अनावरण को लेकर भी मामला मई से ही जुड़ा बताया जाता है। इसलिए भी मूर्ति का अनावरण किया गया है। बताया जाता है कि महाराणा प्रताप जयंती सभी जुड़ी है। 29 मई को यहां महाराणा प्रताप की जयंती मनायी जायेगी। इस अवसर पर यहां विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा और सैंकड़ो लोग यहां महाराणा प्रताप को अपनी श्रृद्धाजलि अर्पित करेंगे।



# गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की कार्यकारिणी का चुनाव 25 मई को



## नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि आज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं और निष्पक्ष रूप से पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

मुख्य चुनाव अधिकारी जयकुमार गुप्ता ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा सभी व्यापारी सदस्यों को एक सर्कुलर के द्वारा दे दी गई है। आज 18 मई नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि है और 20 तारीख तक अपना नाम वापस लिया जा सकता है। 25 तारीख को यदि आवश्यक हुए तो गुप्त मतदान द्वारा बैलट पत्र से मतदान संपन्न कराए जाएंगे और उसी दिन शाम को मतगणना के उपरांत विजयी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

> “चुनाव कार्यक्रम की घोषणा सभी व्यापारी सदस्यों को एक सर्कुलर के द्वारा दे दी गई है।
>
> **जयकुमार गुप्ता,** मुख्य चुनाव अधिकारी

चुनाव अधिकारियों की टीम में जय कुमार गुप्ता के अतिरिक्त अविनाश चंद्र और महेश कुमार गुप्ता चुनाव अधिकारी हैं।

गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, मंत्री और दो सदस्यों के पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा।

पूर्व की भांति इस बार भी गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की कार्यकारिणी में विभिन्न पदों के लिए डॉ.अतुल कुमार जैन की अध्यक्षता में एक पैनल बनाया जा रहा है, जिसमें सुबोध गुप्ता, अंबरीश जैन, सतीश बंसल, मोहनलाल अग्रवाल, राजीव मंगल और अनुराग अग्रवाल शामिल होंगे।

डॉ. अतुल कुमार जैन ने बताया कि यदि इस बार उनके पैनल की जीत होती है तो नए जोश के साथ बचे हुए विकास के कार्यों को तेजी से कराने का प्रयास किया जाएगा और किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देने के लिए सभी समुचित कदम उठाए जाएंगे।



## संपादकीय

# प्राकृतिक आपदाओं से बचाव पर उदासीनता

तापमान में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से होने वाली मौतों को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में मान लिए जाने से बचाव के उपायों को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाना अफसोस की बात है। पिछले कुछ दशकों से जलवायु में असंतुलन और बढ़ते तापमान की वजह से उपजी स्थितियों से जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें मौसम के सामान्य रहने को लेकर एक आशंका बनी रहती है। दुनिया भर की जलवायु में हो रहे बदलाव का असर लगभग सभी मौसम में देखने को मिल रहा है, जिसमें ठंड, गर्मी या बरसात में एक विचित्र प्रकार की अनियमितता दिख रही है और इसकी मार समूचे जीव-जगत पर पड़ रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन के नतीजों में बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से करीब आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती हैं। अकेले भारत में हर वर्ष तीस हजार से ज्यादा लोग लू की वजह से जान गंवा बैठते हैं।

गलत जीवन-शैली संबंधी बीमारियां सरकार के लिए बनी चिंता का विषय हुई हैं। दरअसल, गर्मी में लू तो बरसात में बिजली गिरने की वजह से अब जितने लोगों की जान जा रही है, उसमें साफ है कि मौसम के बदलते मिजाज और उसमें बचाव के इंतजामों को लेकर एक प्रकार की उदासीनता है। जबकि भीषण गर्मी के दौरान चेतावनी प्रणाली, शहरी नियोजन और हरित संरचना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, बिगड़े मौसम के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं, जागरूकता के साथ सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए आम लोगों को बचाव को लेकर सजग किया जा सकता है। संसाधनों से लैस और वंचित समुदायों के बीच असमानताओं को कम करके दीर्घकालिक रणनीतियों को लागू करना भी एक जरूरी कदम होगा।

अफसोस की बात है कि तापमान में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से होने वाली मौतों को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में मान लिए जाने से बचाव के उपायों को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। जरूरत इस बात की है कि जिस रफ्तार से मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है और वह मनुष्य सहित समूचे जीव-जगत और पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है, उसे देखते हुए व्यापक दृष्टिकोण के साथ एक समग्र रणनीति बनाई जाए। साथ ही सभी दुराग्रहों से ऊपर उठकर प्राकृतिक आपदाओं से मानव को बचाने की चेष्टा करनी चाहिए।

# भारी बहुमत के साथ फिर पीएम बनेंगे मोदी

## जल्द शुरू होगा पूर्ण बजट का काम : वित्त मंत्री सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारी बहुमत के साथ वापस आयेंगे और सरकार गठन के तुरंत बाद 2024-25 के पूर्ण बजट पर चर्चा शुरू होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री ने व्यापार संगठन सीआईआई के वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और अगले कुछ साल यही स्थिति बनी रहेगी। अपनी बात को पुख्ता करते हुए उन्होंने कहा कि आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, अगले पांच साल में वैश्विक जीडीपी में भारत का योगदान 18 प्रतिशत होगा। उन्होंने कहा कि इस ऊंची विकास दर के पीछे बुनियादी वजह सरकारी नीतियों में स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त निर्णय हैं जो बिना किसी शोर-शराबे के पर्दे के पीछे लिये जा रहे हैं।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार की पीएलआई (प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन) योजना ने स्मार्टफोन इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। उन्होंने कहा, वर्ष 2014 में 78 प्रतिशत मोबाइल फोन आयात किये जाते थे। आज 99 प्रतिशत मोबाइल फोन भारत में बनते हैं। उन्होंने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में आयात पर निर्भरता में 60 प्रतिशत की कमी आई है जो सरकार के आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में बढ़ी आत्मनिर्भरता को दिखाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस साल फरवरी में सिर्फ लेखानुदान पेश किया है और अर्थव्यवस्था को ज्यादा गति देने के लिए पूर्ण बजट की तैयारी सरकार गठन के साथ ही शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि देश को 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य हासिल करने में निजी क्षेत्र की भूमिका अहम होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2031 तक देश के उपभोक्ता बाजार का आकार दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कॉर्पोरेट सेक्टर और वित्तीय सेक्टर की बैलेंस शीट की मजबूती से विकास की रफ्तार और बढ़ेगी।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सहकारिता वाले वीरेंद्र सारस्वत ने वाराणसी में गंगा नदी में स्नान करने के बाद बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। आस्था श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना के बाद गले पुष्प हार तो आ गया अब बाकी की तमन्ना भी भोले नाथ पूरी करेंगे। मन के भावों को भोले बाबा की नगरी में आस्था श्रद्धा से उन्होने रखते हुए कुछ तो स्पेशल विश की ही है। काशी विश्वनाथ भोले बाबा मन की कामना पूरी करे।

# गूगल सिक्योरिटी ऑपरेशन में जेमिनी ग्राहकों के लिए मददगार होगी



**मुंबई।** डेटा के स्थानीयकरण के नियमों का पालन करते हुए गूगल क्लाउड ने शुक्रवार को एआई संचालित क्षेत्रीय सिक्योरिटी ऑपरेशन (एसईसीओपीएस) को भारत में लॉन्च किया। गूगल क्लाउड सिक्योरिटी की भारत प्रमुख ज्योति प्रकाश ने कहा, इस कठिन दौर में, जहां अच्छी दक्षता वाले लोगों की कमी है और लोगों को तुरंत नए और तत्काल समाधान की आवश्यकता है।

ऐसे में गूगल सिक्योरिटी ऑपरेशन में जेमिनी ग्राहकों के लिए काफी मददगार साबित होने वाला है। इसकी मदद से कंपनियां अपना कंज्यूमर डेटा मुंबई रीजन में स्थित गूगल सिक्योरिटी ऑपरेशन में रख सकती हैं। कंपनी ने बताया कि नया सिक्योरिटी ऑपरेशन सरकारी के साथ निजी कंपनियों की भी सुरक्षित क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर का फायदा उठाने में मदद करेगा। गूगल क्लाउड सिक्योरिटी ऑपरेशन प्लेटफॉर्म को टीमों को सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर (एसओसी) देने के लिए विकसित किया गया है। इसमें मैनुअल प्रोसेस को कम करने के लिए गूगल की ओर से जेमिनी को भी इसमें जोड़ा गया है।


पीडब्लूसी इंडिया के ट्रांसफॉरमेशन में साझेदार और मैनेज्ड सर्विसेज लीडर, संग्राम गायाल ने कहा, एआई से संचालित सिक्योरिटी ऑपरेशन आने से संस्थाओं में साइबर जोखिम का खतरा कम हुआ है और किसी साइबर खतरे के जल्दी पता लगने के कारण काम में भी सुधार हुआ है।

# 69 करोड़ गबन करने के आरोप में स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम ने तीन अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज




**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम ने 69 करोड़ रुपये के गबन के आरोप में बैंक के तीन अधिकारियों के खिलाफ अपराध जांच विभाग (सीआईडी) में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बैंक ने प्राथमिकी में धन के गबन के लिए तीन अधिकारियों दोरजी शेरिंग लेप्चा, महाप्रबंधक (संचालन), त्सेवांग दोरजी लेप्चा, सहायक प्रबंधक (आईटी) और तिलक राय, वरिष्ठ लेखा सहायक पर आरोप लगाए हैं। 14 मई को दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि तीनों अधिकारियों ने सरकारी अधिकारियों के नाम पर विभिन्न सावधि जमा खाते खोले और शेष बैंक धन को विभिन्न चल व अचल संपत्तियों में निवेश किया। बैंक ने सीआईडी से चल (बैंक खातों, एफडी, शेयर, म्यूचुअल फंड) और अचल संपत्तियों सहित सभी संपत्तियों को तुरंत फ्रीज करने का अनुरोध किया है जो उनके व्यक्तिगत नाम के साथ-साथ उनकेपरिवार के निकटतम सदस्यों के नाम पर दर्ज हैं। स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम सिक्किम सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है। सीआईडी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और वे मामले की जांच कर रहे हैं।

# पेटीएम ट्रैवल कार्निवल में घरेलू उड़ानों पर डील, ट्रेन और बस बुकिंग पर छूट




**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने 'पेटीएम ट्रैवल कार्निवल' लॉन्च किया, जिसके तहत फ्लाइट, ट्रेन और बसों समेत यात्रा बुकिंग पर विशेष समर डील तथा डिस्काउंट मिलेंगे।

यूजर पेटीएम के माध्यम से घरेलू उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे उन्हें शून्य सुविधा शुल्क और अधिकतम 750 रुपये तक 10 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड के इस्तेमाल पर अधिकतम दो हजार रुपये तक आठ प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा सभी फ्लाइट बुकिंग पर निःशुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी होगी जिसके तहत एक तरफ की यात्रा या राउंड-ट्रिप टिकट के लिए सबसे कम कीमत सुनिश्चित की जाएगी। पेटीएम के एक प्रवक्ता ने कहा, गर्मियों में लोग यात्रा करना चाहते हैं और इसलिए समर ट्रैवल सेल की घोषणा करते हुए हमें खुशी हो रही है जिसमें उड़ानों, ट्रेन और बसों के टिकट पर सबसे ज्यादा छूट उपलब्ध है। हमारा उद्देश्य इन ऑफरों के साथ हमारे ग्राहकों को नये गंतव्यों को जानने और बिना ज्यादा लागत के गर्मी की छुट्टियों का आनंद उठाने में सक्षम बनाना है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के स्वामित्व वाली पेटीएम प्रोमो कोड के इस्तेमाल पर बस टिकटों पर 500 रुपये की छूट दे रही है। इसके अलावा चुनिंदा ऑपरेटरों के साथ बुकिंग पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। पेटीएम के जरिये बुक कराये गये बस टिकट के साथ बस की लाइव ट्रैकिंग, निःशुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी मिल रही है। महिला यात्रियों की कंफर्ट और सुरक्षा के लिए बस रेटिंग, महिलाओं द्वारा सबसे ज्यादा बुक कराई गई और फीमेल फेवरेट जैसे फीचर दिये गये हैं ताकि वे विश्वसनीय जानकारी के आधार पर विकल्प चुन सकें। ट्रेन टिकट के मामले में पेटीएम यूपीआई से टिकट बुकिंग कराने पर लगने वाला कोई भी शुल्क नहीं लेगा।

इसके साथ ही लाइव ट्रेन स्टेटस अपडेट, आसान तत्काल बुकिंग, पीएनआर चेक, सीट की गारंटी और निःशुल्क कैंसिलेशन जैसी सुविधाएं मिल रही हैं ताकि ट्रैवल प्लानिंग का अनुभव बेहतर बनाया जा सके। प्रवक्ता ने कहा, हमारा मानना है कि इस फ्लेक्सिबिलिटी से हमारे ग्राहकों का यात्रा अनुभव बेहतर बनेगा, उन्हें दिमागी शांति मिलेगी और वे बिना किसी झंझट के यात्रा की योजना बना सकेंगे।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

बाबा : बहन रोटी दे दो, बाबा भूखा है।
घर के अंदर से आवाज आई : तेरी बहन बैंक गई है, आज तेरा जीजा भी भूखा है।

---

लड़की- सुन जानु, गूगल मेल होता है कि फिमेल...
लड़का- बेबी फिमेल होता है...
लड़की- क्यों..
लड़का- क्योंकि अपना सेंटेन्स पूरा होने से पहले ही वो उसका सजेशन देना शुरू कर देता है...

---

लड़का (अपने दोस्त से)- यार, तेरी इतनी सारी गर्लफ्रेंड कैसे?
दोस्त ने फिलॉसफी बघारते हुए कहा- यार, मैंने एक लड़की से प्यार किया और उसने मेरा दिल तोड़ दिया।
अब दिल का हर टूटा टुकड़ा अलग-अलग लड़की से प्यार करता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जब हम छीकते हैं, तो वह 100 मील प्रति घंटा के रफ़्तार की यात्रा करती है।
- देहिका ( फ़्ली ) अपने कद से 130 गुना ऊंचा कूद सकते हैं।
- एक बिजली बाम मछली ( इलेक्ट्रिक ईल ) 650 वोल्ट तक कि बिजली पैदा कर सकता है। इसे छुईए और अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका पाइए!
- फोटोन को सूर्य के मध्य से सूर्य की सतह तक आने में 40,000 वर्ष लग जाते हैं। परंतु सूर्य की सतह से पृथ्वी तक आने में केवल 8 मिनट।
- पृथ्वी की आयु 4 से 5 बिलियन वर्ष है। सूर्य और चंद्रमा की भी करीब इतनी ही है।
- हमारी धरती लौह ( आयरन), कार्बन, सिलिकॉन और थोड़े मैग्नीशियम से बनी है, केवल मनुष्यों से नहीं!
- पृथ्वी सौर मंडल में एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिसके वायुमंडल में 21 प्रतिशत ऑक्सीजन है और सतह पर जल।
- पृथ्वी की सतह विवर्तनिक (टेक्टोनिक) प्लेटों से बनी है जो पृथ्वी के कोर और सतह के बीच के चट्टानी मेंटल पर तैरते हैं।

## लाचार बच्ची की मदद के लिए अदाणी समूह ने किया ट्वीट

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी एक ट्वीट के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा, एक बेटी का बचपन यूं छिन जाना दुखद है! छोटी सी उम्र में लवली और उसके दादा-दादी का संघर्ष बताता है कि एक आम भारतीय परिवार कभी हार नहीं मानता। साथ ही उन्होंने कहा कि अदाणी फाउंडेशन यह सुनिश्चित करेगा की लवली को बेहतर इलाज मिले और वो भी बाकी बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि हम सब लवली के साथ हैं। अदाणी समूह के मुखिया ने यह ट्वीट लखीमपुर खीरी के कन्धरापुर गांव की लवली की कहानी संज्ञान में आने के बाद कही। लवली की मां की मौत के बाद पिता ने दूसरी शादी कर ली। लवली का बचपन से बांया पैर और हाथ दोनों टेढ़े हो गए। वह बुजुर्ग दादा- दादी के पास रहकर पढ़ रही है। अब अदाणी फाउंडेशन ने उसकी मदद के लिए कदम बढ़ाया है।

## करंट क्राइम

### परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

18 05 2024

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




शिवांगी जोशी
अभिनेत्री



आरिबा, हैप्पी शर्मा, सोनिका गौड़, रोनिका बिस्वाल, दीपांशु शर्मा, राहुल गोयल, विपिन पंड़ित

अफताब अली, हर्ष पंडित, अनीस खान, प्रवीण ढाका, मुकेश गौतम, शुभम चौधरी, विकास डागर

सिताब कुरैशी, भारत अवाना, गगन खरे, हरि यादव, सेंसर पाल, उस्मान अली



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# बॉक्सर परवीन अस्थायी रूप से निलंबित, भारत के हाथ से फिसला पेरिस 2024 का एक कोटा: सूत्र

**नई दिल्ली।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा परवीन हुडा को पता-ठिकाने की विफलता के लिए अस्थायी रूप से निलंबित करने के बाद भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 का अपना एक मुक्केबाजी कोटा खो दिया है।

महिला मुक्केबाज हुडा 57 किग्रा वर्ग में ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार थी। सूत्रों के अनुसार, बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) अगले महीने क्वालीफायर में कोटा हासिल करने के लिए हुडा के संभावित प्रतिस्थापन को भेजेगा। सूत्रों ने शुक्रवार को आईएएनएस को बताया, भारत ने मुक्केबाज परवीन हुडा को वाडा द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित (उनके पता-ठिकाने के बारे में सूचित करने में विफलता) के कारण



ओलंपिक कोटा खो दिया। अब, बीएफआई 57 किग्रा में एक और मुक्केबाज को अगले महीने क्वालीफायर में भेजेगा। सूत्र ने कहा, मुक्केबाजी में कोटा खिलाड़ी का होता है, इसलिए अब जब उसे निलंबित कर दिया गया है, तो किसी अन्य मुक्केबाज को क्वालीफायर में भेजा जाएगा। यह बताया गया है कि हुडा के नाम अप्रैल 2022 और मार्च 2023 के बीच तीन पता-ठिकाना विफलताएं आ गईं। पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में एथलीटों को त्रिमासिक रूप से पता-ठिकाना अपडेट जमा करना होता है। परवीन हुडा उन चार महिला मुक्केबाजों में शामिल थी, जिन्होंने निकहत जरीन (फ्लाईवेट), प्रीति साई पवार (बैंटमवेट) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (मिडिलवेट) के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

# ब्राजील फीफा महिला विश्व कप 2027 का मेजबान बना

**बैंकॉक।** ब्राजील को शुक्रवार को यहां 74वीं फीफा कांग्रेस में महिला विश्व कप 2027 के लिए मेजबान नामित किया गया है। ब्राजील की बोली बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ प्रबल रही, और फीफा कांग्रेस में खुले वोट के साथ मेजबानी का अधिकार पाने वाला पहला देश बन गया। ब्राजील को 119 वोट मिले जबकि जर्मनी, नीदरलैंड और बेल्जियम की संयुक्त बोली को 78 वोट मिले। महिला विश्व कप पहली बार दक्षिण अमेरिका में आयोजित किया जाएगा। चीन, स्वीडन, अमेरिका, जर्मनी, कनाडा और फ्रांस सभी ने 2023 के आयोजन से पहले कम से कम एक अवसर पर मेजबानी की। इससे



पहले, ब्राजील ने 1950 में पुरुष विश्व कप और 2014 विश्व कप का आयोजन किया था। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स ने कहा, आज हम बैंकॉक में एक ऐतिहासिक दिन का अनुभव कर रहे हैं। यह विश्व महिला फुटबॉल की जीत है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि यह इतिहास का सर्वश्रेष्ठ महिला विश्व कप होगा। उन्होंने कहा, विश्व कप में निवेश के अलावा, ब्राजील और उत्तरी अमेरिका दक्षिण में महिला फुटबॉल विकास में एक बड़ी छलांग लगाएंगे। यह फीफा महिला विश्व कप का दसवां संस्करण होगा। इसमें 32 देश शामिल होंगे और दस शहरों में खेला जाएगा। स्पेन वर्तमान फीफा महिला विश्व कप धारक है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका (चार खिताब), जर्मनी (दो), जापान और नॉर्वे के साथ उन देशों में शामिल हो गया है जिन्होंने बहुप्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती है।

# नीदरलैंड टी20 ट्राई सीरीज के लिए फिओन हैंड आयरलैंड टीम में शामिल

**डबलिन।** गेंदबाजी ऑलराउंडर फिओन हैंड नीदरलैंड में आगामी टी20 ट्राई सीरीज के लिए आयरलैंड की पुरुषों की टी20 टीम में शामिल होंगे, जबकि ग्राहम ह्यूम वीजा में देरी के कारण यात्रा से चूक गए हैं।

क्रिकेट आयरलैंड ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि वीजा प्रक्रिया में देरी का मतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में जन्मे ह्यूम को नीदरलैंड में खेलने के लिए शेंगेन वीजा की आवश्यकता होगी और वह अब दौरे से चूक जाएंगे। इसमें कहा गया है कि इस मामले का आगामी आईसीसी पुरुष टी20



विश्व कप टीम में ह्यूम के शामिल होने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जिसके लिए उन्हें पिछले सप्ताह नामित किया गया था। 25 वर्षीय हैंड ने आयरलैंड के लिए 10 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप में खेलना भी शामिल है।

हाल ही में उन्हें मंगलवार को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के लिए टीम में लाया गया, जहां मेहमान टीम ने 2-1 से जीत हासिल की। ट्राई सीरीज, जिसमें स्कॉटलैंड भी शामिल है, 18 से 24 मई तक वूरबर्ग में खेली जाएगी। ट्राई सीरीज आगामी टी20 विश्व कप से पहले आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के लिए महत्वपूर्ण तैयारी के रूप में काम करेगी, जो 1-29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में होगा। आयरलैंड ट्राई सीरीज टीम: पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, फिओन हैंड, बैरी मैक्कार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग। आयरलैंड टी20 विश्व कप टीम: पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

# हॉकी प्रो लीग के लिए यूरोप रवाना हुई भारतीय महिला टीम

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के रास्ते ब्रुसेल्स के लिए अपनी यात्रा पर निकली, जो एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के यूरोपीय लीग चरण में उनकी भागीदारी की शुरूआत है।

लीग का यह चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में होगा, जिसमें एंटवर्प 22 से 26 मई तक मैचों की मेजबानी करेगा और लंदन 1 से 9 जून तक मैचों की मेजबानी करेगा। सलीमा टेटे भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, मिडफील्डर नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। इस चरण के दौरान भारत का सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी से दो-दो बार होगा। वर्तमान में टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-24



अंक तालिका में आठ अंक के साथ छठे स्थान पर है।

तैयारियां बहुत तीव्र थीं, टीम कठोर प्रशिक्षण सत्रों से गुजरी और साई बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की एक फ्रेंडली सीरीज में भाग लिया, जो 3 से 11 मई तक था। शुरूआती तीन मैचों में भारत ने अपना दबदबा दिखाया और क्रमशः 1-0, 5-1 और 3-1 के स्कोर से जीत हासिल की। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ने जोरदार वापसी करते हुए चौथे 2-2 (2-4 एसओ) और पांचवें (1-1 (3-1 शूट आउट) मैच में जीत हासिल की।

श्रृंखला के आखिरी मैच में भारत निर्धारित समय के अंत में 1-1 से बराबरी के बाद शूटआउट में 4-3 से विजयी हुआ। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में, एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अपनी प्रतिभाशाली टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है।

हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाने और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया श्रृंखला ने हमें महत्वपूर्ण सबक सिखाए हैं, और हम उन्हें लागू करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि हम यूरोप में मजबूत विरोधियों का सामना कर रहे हैं।

एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा, टीम वर्क, समर्पण और लड़ाई की भावना के साथ, हम जो भी मैच खेलते हैं उसमें अपनी छाप छोड़ना चाहते हैं।

# टेस्ट टीम में अपने भविष्य पर ख्वाजा ने कहा, 'मैं अब भी अपना बेस्ट दे सकता हूं'

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के सीनियर और बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा, जो इस साल दिसंबर में 38 साल के हो जाएंगे, का मानना है कि उनके अंदर अभी भी भविष्य में ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के लिए उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने की क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया के लिए अब तक 73 टेस्ट मैच खेल चुके उस्मान ख्वाजा ने 2023 में आईसीसी टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता। 2022 में ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी के बाद से ख्वाजा ने चौथे एशेज टेस्ट में दो शतकों के माध्यम से टेस्ट में 50 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। ख्वाजा ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, मैं अभी भी अच्छी स्थिति में हूं! मैं हर मैच खेल रहा हूं, मुझे लगता



है कि मैं सब ठीक कर रहा हूं! लेकिन ईमानदारी से कहूं तो, मैं अभी भी खेलों का आनंद ले रहा हूं, मुझे लगता है कि मैं अभी भी उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन कर सकता हूं। मैंने आईसीसी टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर जीता, मैंने कभी सपने में भी यह जीतने की उम्मीद नहीं की थी, खासकर दो या तीन साल पहले जब मैं टेस्ट टीम से बाहर था। मैं इस समय इस क्रिकेट टीम में खेलने का वास्तव में आनंद ले रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं इसे निकट भविष्य में भी जारी रख सकता हूं, लेकिन मैं कभी भी बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता। मैं अभी इसके साथ काम कर रहा हूं, लेकिन मैं खुद को कोई समयसीमा नहीं दे रहा हूं। हर दिन एक उपहार है। मैं वास्तव में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने और हर दिन इस प्रक्रिया का हिस्सा बनने का आनंद ले रहा हूं। मार्च में ऑस्ट्रेलिया के न्यूजीलैंड के छोटे टेस्ट दौरे से घर पहुंचने के बाद से ख्वाजा ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है, और ब्रिस्बेन में अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। उनका यह भी मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम में अलग-अलग तरह से मैचों के लिए तैयारी करने से भी खिलाड़ियों को तरोताजा रहने में मदद मिली है।

# 3पी ओलंपिक स्पार्धाओं में शीर्ष दो का हुआ फैसला

**भोपाल।** महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) स्पधाओं में शीर्ष दो निशानेबाजों की पहचान आज यहां एम.पी.राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) 3 और 4 राइफल/पिस्टल के अपने संबंधित ओएसटी टी4 क्वालिफिकेशन राउंड के समापन के बाद पूरी हो गई। भारत की नंबर एक और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर समरा ने शानदार 593 अंक हासिल किए, जबकि ओलंपियन अंजुम मुद्गिल 588 अंकों के साथ उनके बाद दूसरे स्थान पर रहीं। दोनों ने ही सुनिश्चित किया कि वे शनिवार की सुबह के फाइनल के परिणाम के बावजूद पांच-महिला क्षेत्र में पहले-दूसरे स्थान पर बने रहेंगी। निश्चल (587), श्रीयंका सदांगी (580) और आशी चौकसे (577)



क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों के 3पी में, स्थानीय पसंदीदा ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 590 या उससे अधिक का लगातार तीसरा स्कोर बनाया, और न केवल ओएसटी टी4 क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया, बल्कि स्टैंडिंग के शीर्ष पर अजेय बढ़त भी हासिल की। 2022 में पेरिस कोटा जीतने वाले पहले खिलाड़ियों में से एक स्वप्निल कुसाले को भी अपने पहले तीन ओएसटी स्कोर के आधार पर स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर रहने का आश्वासन दिया गया, हालांकि उस दिन के 573 के साथ पांचवें स्थान पर रहने के बाद भी।

## चार फाइनल

दिन में चार फाइनल भी देखे गए, जिसमें मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 में जीत हासिल की और 241.0 के स्कोर के साथ ईशा सिंह को 0.8 से पीछे छोड़ा।

हालाँकि, पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 फाइनल में नवीन ने रेंज में आग लगा दी थी, जब उन्होंने मौजूदा विश्व रिकॉर्ड स्कोर से 0.3 अधिक यानी 246.8 का स्कोर बनाकर जीत हासिल की। उनका दबदबा ऐसा था कि दूसरे स्थान पर रहे सरबजोत सिंह 4.4 अंक से पीछे रह गए। फिर भी उन नतीजों से स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं आया क्योंकि वरुण तोमर और रिदम सांगवान ने मैदान का नेतृत्व करना जारी रखा और दूसरे स्थान के लिए कड़ी दौड़ जारी रहेगी जब वे शनिवार को टी4 क्वालीफिकेशन के लिए लाइन-अप करेंगे। रमिता जिंदल ने महिलाओं की 10 मी एयर राइफल ओएसटी टी3 स्पर्धा में 252.6 के स्कोर के साथ दो एयर राइफल फाइनल में पहला स्थान हासिल किया और ओलंपियन एलावेनिल वलारिवान को 0.5 से पीछे छोड़ा। नैंसी शूट-ऑफ में इला से हारकर तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि मेहुली घोष और तिलोत्तमा सेन क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी3 फाइनल में, श्री कार्तिक सबरी राज ने 24-शॉट शूटआउट में शुरूआती बढ़त ले ली और दिव्यांश सिंह पंवार के खिलाफ खिताब के लिए दो शूट-ऑफ से गुजरने के बाद गेम पर कायम रहे। दोनों 252.5 पर समाप्त हुए।

# अगर वेस्टइंडीज लगातार और स्मार्ट क्रिकेट खेले तो वह जीत सकता है टी20 विश्व कप : एम्ब्रोस

**न्यूयॉर्क।** महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्ब्रोस का मानना है कि रोवमैन पॉवेल की अगुवाई वाली सह-मेजबान वेस्टइंडीज के पास 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का बेजोड़ तीसरा खिताब जीतने के लिए पर्याप्त प्रतिभा है। वेस्टइंडीज ने क्रमशः 2012 और 2016 में दो बार पुरुष टी20 विश्व कप जीता है। लेकिन शोपीस इवेंट के पिछले दो संस्करणों में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। 2021 में, कीरोन पोलार्ड की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज ग्रुप चरण में सिर्फ एक मैच जीतने के बाद नॉकआउट में प्रवेश करने में विफल रही। एक साल बाद, ऑस्ट्रेलिया में निकोलस पूरन के नेतृत्व में, वे सुपर टेन चरण में प्रवेश नहीं कर सके। जिम्बाब्वे में क्वालीफाइंग टूनामेंट में शीर्ष दो टीमें बनने में असफल रहने



के बाद वेस्टइंडीज भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। लेकिन टी20 में, वेस्टइंडीज का हालिया फॉर्म उत्साहजनक रहा है, उसने घरेलू मैदान पर पिछले 14 महीनों में दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड पर श्रृंखला जीत दर्ज की है। एंब्रोस ने कहा, हमारे पास एक बहुत अच्छी टीम है। जैसा कि हम बात कर रहे हैं वे (वेस्टइंडीज खिलाड़ी) एंटीगा में एक शिविर में हैं जो टी20 विश्व कप की शुरूआत के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं जो कुछ सप्ताह दूर है।" एम्ब्रोस ने न्यूयॉर्क में काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लांच के मौके पर कहा, मेरा मानना है कि एक बार जब खिलाड़ी लगातार क्रिकेट और स्मार्ट क्रिकेट खेलना शुरू कर देंगे, तो मेरा मानना है कि हम ट्रॉफी ले सकते हैं। यह आसान नहीं होगा, लेकिन हम इसे दो बार जीतने वाले केवल दो देशों में से एक हैं, इसलिए हम कोशिश करेंगे और इसे तीन बनाओ। और किसी भी अन्य देश ने कभी भी इसे घरेलू धरती पर नहीं जीता है, इसलिए यह सब लोगों के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा है और मुझे उम्मीद है कि वे ऐसा कर सकते हैं, वेस्टइंडीज को 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के ग्रुप सी में रखा गया है और ग्रुप चरण के बाकी मैचों में युगांडा, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने से पहले, 2 जून को गयाना में अपने शुरूआती मैच में पापुआ न्यू गिनी का सामना करना होगा। एम्ब्रोस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में हर टीम में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भरमार के कारण कुछ उलटफेर देखने को मिलेंगे। मैं बहुत सारे क्रिकेटरों की प्रशंसा करता हूं (टी20 विश्व कप में) और मैं उनके अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा हूं। एक गौरवान्वित एंटीगुआन और वेस्ट इंडीज से होने के नाते, मैं चाहता हूं कि वेस्ट इंडीज जीते। यह आसान नहीं होने वाला है क्योंकि टी20 क्रिकेट में हर टीम के पास किसी अन्य टीम को हराने का समान मौका है और यह टी20 क्रिकेट की प्रकृति है। यह रोमांचक होने वाला है, लेकिन मैं वेस्ट इंडीज के पक्ष में रहूंगा।

# 'मैच अधिकारी वीएआर का ठीक से उपयोग नहीं कर रहे हैं': लिवरपूल बॉस क्लॉप

**लिवरपूल।** लिवरपूल के बॉस जुर्गन क्लॉप ने कहा है कि वह वर्चुअल असिस्टेंट रेफरी (वीएआर) को खत्म करने के लिए वोट करेंगे₹ क्योंकि ₹मैच अधिकारी इसका ठीक से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।" हालाँकि ऐसा माना जाता है कि लिवरपूल वीएआर रखना चाहता है, लेकिन प्रीमियर लीग ने जिस तरह से इसका उपयोग किया है, उसके कारण उनके प्रस्थान प्रबंधक की राय अलग है। एनफील्ड में वॉल्व्स के खिलाफ अपने अंतिम प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में, लिवरपूल मैनेजर ने रेफरी निकाय की कड़ी आलोचना की, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अगले महीने प्रीमियर लीग की वार्षिक आम बैठक में वीडियो सहायक रेफरी को बनाए रखने या खत्म करने के लिए मतदान करेंगे। क्लॉप ने शुक्रवार को कहा, मुझे नहीं लगता कि वे वीएआर के खिलाफ मतदान कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वे वीएआर के इस्तेमाल के खिलाफ मतदान कर रहे हैं क्योंकि यह निश्चित रूप से सही नहीं है। जिस तरह से वे ऐसा करते हैं, मैं उसके खिलाफ वोट करूंगा क्योंकि ये लोग इसका सही इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि वीएआर समस्या है लेकिन जिस तरह से वे इसका उपयोग करते हैं वह समस्या है। आप लोगों को स्पष्ट रूप से नहीं बदल सकते, यह स्पष्ट है, इसलिए मैं कहूंगा कि मैं वीएआर को खत्म करने के लिए मतदान करूंगा। सितंबर में टोटेनहम से 1-2 की हार के दौरान, लिवरपूल ने एक वास्तविक लक्ष्य को अस्वीकार कर दिया था, जिसके कारण सीजन का सबसे बड़ा वीएआर विवाद हुआ। गलत कॉलों की एक श्रृंखला के बाद, क्लॉप को लगता है कि वॉल्व्स, उनके अंतिम प्रतिद्वंद्वी, सहानुभूति के अधिक पात्र हैं। वॉल्व्स ने वीएआर को निरस्त करने का अनुरोध करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

# एआईएफएफ ने जमशेदपुर समेत कई फुटबॉल क्लब के प्रीमियर 1 क्लब लाइसेंस को किया खारिज

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) क्लब लाइसेंसिंग कमेटी ने आगामी 2024-25 सीजन के लिए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों जमशेदपुर एफसी, ओडिशा एफसी, केरला ब्लास्टर्स और हैदराबाद एफसी के प्रीमियर 1 लाइसेंस को खारिज कर दिया। क्लबों को कई 'ए' मानदंडों की विफलता का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जिससे वे एएफसी क्लब प्रतियोगिताओं और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अयोग्य हो गए। हालांकि, क्लबों के पास 22 मई तक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए छूट लेने का विकल्प है।

समिति की अध्यक्षता गिरिजा शंकर मुंगाली ने की, जिसमें अनिर्बान दत्ता (उपाध्यक्ष), रविशंकर जयारमन और यश के नायक (सदस्य) भी शामिल थे, जिनकी बैठक 15 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। पंजाब एफसी इस प्रक्रिया के लिए एआईएफएफ के मानदंडों को पूरा करने वाला एकमात्र क्लब था और उसे 2024-25 सीजन के लिए प्रीमियर 1 क्लब लाइसेंस प्रदान किया गया। आईएसएल के मौजूदा चैंपियन मोहन बागान सुपर जाइंट और आईएसएल कप विजेता मुंबई सिटी एफसी के साथ-साथ ईस्ट बंगाल, एफसी गोवा, बेंगलुरु एफसी, चेन्नईयिन एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग, आई-लीग चैंपियन 2023-24, जिन्हें आईएसएल 2024-25 के लिए प्रमोशन हासिल हुआ है, को कुछ प्रतिबंधों के साथ लाइसेंस मिला है।

एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा, इंडियन सुपर लीग क्लबों के लिए 'आईसीएलएस प्रीमियर 1' और आई-लीग क्लबों के लिए 'आईसीएलएस प्रीमियर 2', इंडियन क्लब लाइसेंसिंग प्रणाली भारत में फुटबॉल क्लबों की गुणवत्ता, व्यावसायिकता और बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में महत्वपूर्ण है। यह एक वार्षिक प्रक्रिया है जिसमें क्लब प्रत्येक सीजन के लिए एएफसी और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करते हैं। इन लाइसेंसों को अलग-अलग वर्गों, आईएसएल क्लबों के लिए आईसीएलएस प्रीमियर 1 और आई लीग क्लबों के लिए आईसीएलएस प्रीमियर 2, में बांटा गया है।

# चेन्नई और बेंगलुरू के बीच होगा महामुकाबला: प्रीव्यू

**बेंगलुरु।** आईपीएल 2024 का 68वां मैच बहुत ही दिलचलस्प होने जा रहा है, जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स प्ले ऑफ की आखिरी जगह के लिए आपस में मुकाबला करेंगी।

दोनों टीम अब तक एक दूसरे से 32 बार भिड़ी हैं, जिसमें बेंगलुरु को 10 और चेन्नई को 21 मैचों में जीत मिली है, वहीं एक मैच बिना नतीजे के समाप्त हुआ है। बेंगलुरू के चिन्नास्वामी मैदान में भी हुए 10 मुकाबलों में चेन्नई की टीम 5-4 से आगे है और इस साल इन दोनों टीमों के बीच चेन्नई में हुए मुकाबले में भी चेन्नई ने छह विकेट से बाजी मारी थी।

### रवींद्र जडेजा होंगे चेन्नई के प्रमुख हथियार

यूं तो बेंगलुरू के छोटे मैदान में स्पिनरों की खैर नहीं होती, लेकिन बेंगलुरू के बल्लेबाजों के खिलाफ अपने बेहतर टी20 रिकॉर्ड के कारण जडेजा इस मैच में अपनी छाप छोड़ सकते हैं। वह ग्लैन मैक्सवेल को सात तो विराट कोहली और दिनेश कार्तिक को तीन-तीन पारियों में आउट कर चुके हैं। क्रिस ग्रीन को उन्होंने दो पारियों में एक बार आउट किया है, जबकि बेंगलुरू के कप्तान फाफ डुप्लेसी को वह आउट भले ही नहीं कर पाए हैं, लेकिन उनके खिलाफ डुप्लेसी का स्ट्राइक रेट सिर्फ. 119 का है।

### विराट कोहली को कौन रोकेगा?

13 पारियों में सर्वाधिक 661 रन बनाकर कोहली ने भले ही ऑरेंज कैप पर कब्जा किया हुआ है, लेकिन उनके स्ट्राइक रेट पर लगातार चर्चा हो रही थी। इस सीजन के पहले छह मैचों में बड़े स्कोर बनाने के बावजूद भी कोहली ने सिर्फ. 131 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे, लेकिन पिछले सात मैचों में उन्होंने 193 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

इस सीजन कोहली ने पावरप्ले में 163 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जो कि उनके लिए किसी भी सीजन में सर्वश्रेष्ठ है। वह इस मैच में भी अपने प्रभाव का जादू चला सकते हैं क्योंकि



जडेजा को छोड़कर चेन्नई का कोई भी गेंदबाज टी20 मैचों में उन्हें परेशान नहीं कर पाता है और वह कम से कम 123 के स्ट्राइक रेट से उन पर रन बनाते हैं। शार्दुल ठाकुर के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट तो 160 का है।

### अंजिक्य रहाणे और करण शर्मा का मुकाबला भी दिलचस्प होगा

पिछले साल अपने बल्ले से धमाका मचाने वाले रहाणे ने इस साल निराश किया है और 11 पारियों में बिना किसी अर्धशतक की मदद से उनके नाम 120 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ.209 रन दर्ज हैं। बेंगलुरू के लेग स्पिनर करण शर्मा आपको पावरप्ले में गेंदबाजी करते हुए दिखाई दे सकते हैं। करण ने रहाणे को आठ में से तीन पारियों में आउट किया है, जबकि रहाणे उन पर सिर्फ. 114.28 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इस तरह से करण, रहाणे की वापसी की किसी भी संभावना से इनकार कर सकते हैं।

### ऋतुराज गायकवाड़ के लिए एक और बड़ा मैच?

इस साल 583 रन बनाकर कोहली के बाद दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के लिए अपने रन योग को और आगे बढ़ाने का यह एक और मौका होगा। क्रिस ग्रीन और स्वप्निल सिंह को छोड़ दिया जाए तो गायकवाड़ बेंगलुरू के हर गेंदबाज के खिलाफ 132 के ऊपर के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। ग्लेन मैक्सवेल के खिलाफ उनका स्ट्राइक रेट तो 390 का है, जबकि लॉकी फर्ग्यूसन, यश दयाल और मोहम्मद सिराज के खिलाफ भी वह क्रमशः 193, 142 और 132 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

# पत्रकार अनुराग चड्ढा की माताश्री स्व.कमला देवी को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। न्यूज वन इंडिया के एडीटर इन चीफ अनुराग चड्ढा की माताश्री स्व. श्रीमति कमला देवी के निधन पर आयोजित शोकसभा में शहर के तमाम राजनीतिज्ञों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों तथा मीडिया जगत के लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सिर में धारदार हथियार से वार कर की गई थी हत्या

## तिबड़ा मानकी मार्ग पर नाले में मिले शव की शिनाख्त

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** रजवाहे में मिले शव की शिनाख्त जिला मेरठ के थाना इंचौली के लावड़ निवासी दीनू उर्फ कालू के रूप में हुई है। मृतक दिल्ली मेरठ मार्ग पर एसआरएम संस्थान के पास एक ढाबे पर काम करता था। सिर में धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। पुलिस जल्द हत्या का खुलासे करने की बात कह रही है।



तिबड़ा मानकी मार्ग पर बुधवार दोपहर नाले में प्लास्टिक की बोरी में लिपटा हुआ एक शव पड़ा मिला था।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। शव की शिनाख्त दीनू उर्फ कालू निवासी कस्बा लावड़ थाना इंचौली जिला मेरठ के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक दिल्ली मेरठ मार्ग पर एसआरएम संस्थान के पास एक ढाबे पर नौकरी करता था और ओयो होटल में रहता था।

वह दो दिन से ढाबे पर भी नहीं आ रहा था। शुक्रवार सुबह मृतक के परिजन मोदीनगर थाने पहुंचे और अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। पुलिस के मुताबिक सिर में धारदार हथियार से वार कर युवक की हत्या की गई है।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## दोस्तों ने ही दोस्त को किया अगवा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** दोस्तों ने अपने ही एक दोस्त को अगवा कर लिया। अगवा युवक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। युवक के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर युवक को मुक्त कराये जाने की गुहार लगाई थी। पुलिस का कहना है कि फिलहाल युवक बेहोशी की हालत में है, उससे पूछताछ के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। थाना अन्तर्गत संतपुरा निवासी साधुराम शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका बेटे रोहित को कुछ दिन पूर्व उसके दोस्तों ने अगवा कर लिया था,




और उसे संभल जिले के चंदौसी में ले जाकर मारपीट कर बुरी तरह घायल कर अस्पताल के बाहर फैंक दिया। अस्पताल से जब उन्हें फोन आया तो उन्होंने बेटे रोहित को यहां मोदीनगर अस्पताल लाकर भर्ती कराया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि घायल युवक रोहित बेहोशी की हालत में है। होश में आने पर उसके साथ घटी घटना का पता चलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। तहरीर में उसके पिता ने दोस्तों पर शक जाहिर किया है, पुलिस उसी आधार पर जांच कर रही है।

## विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अफसरों से खिदोंड़ा मार्ग को दुरूस्त करने को कहा

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भाजपा विधायक ने गांव खिदोंड़ा में कई अधिकारियों के साथ गांव के मार्ग का निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिये। भाजपा विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने गांव खिंदौड़ा मार्ग के निर्माण को लेकर अधिकारियों संग निरीक्षण किया और उन्हें मार्ग का नवीनीकरण किये जाने के निर्देश दिये। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने इस मौके पर ग्रामीणों से भी वार्ता की और उनकी समस्याओं को भी जाना। उन्होंने मौजूद अधिकारियों से मार्ग को सही व दूरूस्त करने पर जोर दिया।

## गाली देने के विरोध पर घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की शिवम विहार कॉलोनी में गाली देने का विरोध करने पर दंबग ने घर में घुसकर एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की शिवम विहार कॉलोनी निवासी राजकुमार त्यागी परिवार सहित रहते हैं। घर के बाहर रिंकू नामक युवक गंदी गंदी गाली दे रहा था जब उसे गाली देने से मना किया तो वह जबरन घर के अंदर आ गया और मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि रिंकू ने मुंह पर घूंसा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब उन्हें बचाने उनकी पत्नी व पुत्रवधु




आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिंकू निवासी शिवम विहार कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## साउथ वेस्ट स्टेट यूनिवर्सिटी रूस और इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच एमओयू साइन

**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** रूस के कुर्स्क में साउथ वेस्ट स्टेट यूनिवर्सिटी और इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल और साउथ वेस्ट स्टेट यूनिवर्सिटी के रेक्टर सर्गेई एमेलियानोव ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में द्विपक्षीय अनुसंधान, मेक्ट्रोनिक्स, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कंप्यूटर विज्ञान और विकास को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर साउथ वेस्ट स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक अनुसंधान और अंतर्राष्ट्रीय



मामलों की उपाध्यक्ष एकातेरिना पखोमोवा उपस्थित रहे। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने कहा कि यह द्विपक्षीय अनुसंधान समझौता ज्ञापन दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन विष्णु शरण, निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय कुमार, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. विकास गुप्ता, मीडिया हेड अजय चौधरी ने बधाई दी।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।



# पीओके में जारी संघर्ष पर अलर्ट हुए शहबाज शरीफ

## समाधान के लिए समिति का किया गठन



**मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शरीफ ने गुरुवार को पीओके सरकार की कैबिनेट की एक विशेष बैठक को संबोधित किया।**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में इन दिनों काफी संघर्ष चल रहा है। इसे लेकर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री चिंतित हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीओके के लोगों की समस्या का समाधान खोजने के लिए एक समिति गठित की है। गौरतलब है कि गुरुवार को शहबाज एक दिन के दौरे पर मुजफ्फराबाद गए थे। लोगों ने उनके समक्ष अपनी मांग रखी। हालांकि, इस दौरान कुछ उपद्रवियों ने दंगा फैलाने और हत्याएं करने की कोशिश की।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शरीफ ने गुरुवार को पीओके सरकार की कैबिनेट की एक विशेष बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जल शुल्क और नीलम-झेलम जलविद्युत संयंत्र जैसे मुद्दों पर चर्चा करने लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया। पीओके में आटे की ऊंची कीमतों और बढ़े हुए बिजली बिलों और करों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस जवान सहित चार लोगों की मौत हो गई। हमले में कई लोग घायल हैं।

शहबाज ने विरोध प्रदर्शन के दौरान एक पुलिस अधिकारी और नागरिकों की हत्या पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार उनके परिवारों का समर्थन करेगी। आईएमएफ टीम की यात्रा के बाद, मंत्री और बिजली सचिव मुद्दों का स्थायी समाधान खोजने के लिए कश्मीरी अधिकारियों से बात करेंगे। पाकिस्तान कश्मीरी लोगों को अपना नैतिक और राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा।

### भारत सरकार से अपील-यूएन में उठाएं मुद्दा

पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने हाल ही में भारत सरकार से अपील की कि भारत पाकिस्तान के राजदूत को तलब करे और उनसे स्पष्टीकरण मांगे। मिर्जा ने सोमवार को एक वीडियो बयान जारी किया। वीडियो में उन्होंने कहा कि आज सुबह लगभग पांच लाख लोग मुजफ्फराबाद और आसपास के शहरों में बिजली बिलों पर करों, सब्सिडी में कटौती का विरोध कर रहे थे। उनकी मांग थी कि कि सरकार प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के भत्तों और विशेषाधिकारों को समाप्त करे।

---

### भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद बोले

# मानवाधिकार पर भारत को व्याख्यान देने से कुछ नहीं होगा, बातचीत करना आवश्यक

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों ने कहा कि वे भारत में अपने नेतृत्व के साथ मानवाधिकारों के मुद्दे को उठाना जारी रखेंगे। सांसदों ने कहा कि इस मुद्दे पर नई दिल्ली को व्याख्यान देने से काम नहीं चलेगा। वे अपनी चिंताओं के साथ भारतीय नेतृत्व के साथ बात करने के पक्ष में हैं।

'देसी डिसाइड्स' शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्यों को अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने संबोधित किया। खन्ना के साथ चर्चा में तीन अन्य भारतीय अमेरिकी सांसद- श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. अमी बेरा भी शामिल हुए थे। सम्मेलन में भारतवंशी सांसदों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुस्लिम समुदाय के साथ उनके संबंधों के बारे में पूछा गया था। समिट में खन्ना ने कहा कि हमारे लोकतंत्र की खामियों और उनके लोकतंत्र की खामियों के दृष्टिकोण पर भारत के साथ चर्चा करना अधिक रचनात्मक होगा। डॉ. अमी बेरा ने इस पर सहमति जताई। बेरा ने कहा कि मैंने भारतीय विदेश मंत्री से भी यही कहा था। भारत अगर अपना धर्मनिरपेक्षता की छवि खो देता है तो बाकि दुनिया इसे कैसे देखती है, यह जानना महत्वपूर्ण है।

बेरा ने आगे कहा कि हमारे यहां अभी भी जीवंत लोकतंत्र है। हमारे पास एक जीवंत विपक्षी दल है। हम प्रेस की



स्वतंत्रता में विश्वास रखते हैं। यह सभी चीजें हैं, जो मुझे भारत के लिए चिंतित करती हैं। बेरा ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि भारत का लोकतंत्र जीवित रहेगा।

कांग्रेसी जयपाल ने कहा कि वे बेरा और खन्ना से सहमत हैं। हमें अपने देश की खामियों और किसी अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए। कांग्रेस के रूप में यही हमारा काम है। हमें व्याख्यान नहीं देना चाहिए, मैं खन्ना से सहमत हूं। लेकिन हमें अमेरिका के सभी हितों के बारे में सोचना होगा। भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार है। हमारे लिए अपने मूल्यों के बारे में सोचना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैसे हम अन्य सरकारों की आलोचना करते हैं। ठीक वैसे ही भारत में क्या हो रहा है, हमें इस पर भी ध्यान देना चाहिए।

**समिट में खन्ना ने कहा कि हमारे लोकतंत्र की खामियों और उनके लोकतंत्र की खामियों के दृष्टिकोण पर भारत के साथ चर्चा करना अधिक रचनात्मक होगा। डॉ. अमी बेरा ने इस पर सहमति जताई। बेरा ने कहा कि मैंने भारतीय विदेश मंत्री से भी यही कहा था। भारत अगर अपना धर्मनिरपेक्षता की छवि खो देता है तो बाकि दुनिया इसे कैसे देखती है, यह जानना महत्वपूर्ण है।**

---

# खार्किव पर कब्जा करने की कोई योजना नहीं : पुतिन

**विशेष।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया कि यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र में हमले का उद्देश्य केवल एक बफर जोन बनाना है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि क्षेत्र पर कब्जा करने की उनकी कोई योजना नहीं है। चीन के हर्बिन में शुक्रवार को राष्ट्रपति पुतिन ने मीडिया से बात की। रूस के बेलगोरोड में यूक्रेनी गोलाबारी के जवाब में मॉस्को ने खार्किव में हमले शुरू किए।



राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, ₹मैंने सार्वजनिक रूप से कहा कि अगर ऐसा चलता रहा तो हम सुरक्षा जोन बनाने के लिए मजबूर हो जाएंगे।₹ उन्होंने आगे बताया कि रूसी सैनिक योजना के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं। पुतिन ने कहा कि रूस की फिलहाल खार्किव पर कब्जा करने की कोई योजना नहीं है।

**राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रद्द की स्पेन की यात्रा :** यूक्रेन की स्थिति इतनी गंभीर है कि राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की को स्पेन की अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक अस्पताल का दौरा किया, इस दौरान उनके साथ मीडिया भी थी। उन्होंने अस्पताल में घायल जवानों से मुलाकात की। जेलेंस्की ने कहा, मेरे लिए यहां रहना ज्यादा जरूरी है।

---

# भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने कर्नल काले को दी श्रद्धांजलि, गाजा संघर्ष के बीच हुई थी मौत

**तेल अवीव।** इस्राइल में भारतीय दूतावास के दो अधिकारियों ने कर्नल वैभव अनिल काले को अंतिम सम्मान दिया। दरअसल, इस्राइल और हमास के संघर्ष के बीच गाजा में कर्नल काले की मौत हो गई। उनके शव को भारत वापस लाया गया। दूतावास के अधिकारियों के साथ इस्राइली विदेश मंत्रालय, इस्राइली सुरक्षाबल और संयुक्त राष्ट्र विभाग के बचाव और सुरक्षा (यूएनडीएसएस) अधिकारी बी शामिल हुए।

सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए भारतीय दूतावास ने कहा, इस्राइली विदेश मंत्रालय, आईडीएफ और यूएनडीएसएस अधिकारियों ने कर्नल वैभव काले के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने गाजा में अपनी जान गंवा दी। उनका पार्थिव शरीर भारत लाया जा रहा है।



**यूएन में शामिल होने के लिए लिया था रिटायरमेंट :** राफा से खान यूनिस क्षेत्र में अस्पताल ले जाते समय 46 वर्षीय कर्नल काले की मौत हो गई थी। वैश्विक संस्थान के बयान के अनुसार, वैभव संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा सेवा समन्वय के रूप शामिल हुए थे और एक महीने पहले ही उनकी तैनाती गाजा में हुई थी। कर्नल काले को जम्मू कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट में नियुक्त किया गया था। यूएन में शामिल होने के लिए दो साल पहले उन्होंने रिटायरमेंट ले लिया था।

### विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र और इस्राइल में भारतीय मिशन कर्नल काले के पार्थिव शरीर को वापस लाने में सहायत कर रहे हैं। वह संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारी के तौर पर काम करते हुए गाजा में मारे गए थे। बयान में उन्होंने कहा, न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में और तेल अवीव और रामल्ला में हमारे मिशन शव को भारत वापस लाने में सहायता कर रहे हैं। हम इस घटना की जांच के संबंध में संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं।

---

### 'क्या अमेरिका मजबूत, बहु-धार्मिक, बहु-जातीय लोकतंत्र बना रहेगा?'

# भारतवंशियों से बाइडन की सलाहकार का सवाल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसी को लेकर व्हाइट हाउस की एक शीर्ष अधिकारी ने भारतीय-अमेरिकियों से पूछा कि राष्ट्रपति चुनाव को लेकर छह महीने बाद मतदान होने वाला है, ऐसे में असली सवाल यह उठता है कि क्या अमेरिका मजबूत, बहु-जातीय, बहु-धार्मिक लोकतंत्र बना रहेगा।



### हम सभी अमेरिकी सपने का हिस्सा

राष्ट्रपति जो बाइडन की घरेलू नीति सलाहकार नीरा टंडन वार्षिक शिखर सम्मेलन और इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट समारोह में भाग लेने पहुंची थीं। इस मौके पर उन्होंने कहा, 'इस साल वास्तविक सवाल, जिसका भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, यह है कि क्या हम एक मजबूत, बहु-जातीय, बहु-धार्मिक लोकतंत्र बने रहेंगे, जहां हम में से कईयों का स्वागत किया जाता है, हम सभी अमेरिकी सपने का हिस्सा हैं, या क्या हम उससे पीछे हटना शुरू कर देंगे।'

**चुनाव में शामिल होना जरूरी :** उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह वास्तव में एक जरूरी पल है, न केवल आपकी भागीदारी के लिए, बल्कि आपके नेतृत्व के लिए। चुनाव में शामिल होना जरूरी है। बातचीत करना महत्वपूर्ण है। राजनीतिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करना भी महत्वपूर्ण है।'

### बच्चों को ज्यादा अवसर मिलें

भारतीय-अमेरिकी नेता ने कहा कि पिछले कई दशकों में उनका अनुभव अवसरों को बढ़ाने का रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में आभारी हूं कि इस देश ने मेरी प्रगति का स्वागत किया है। मैं उन मुद्दों पर व्हाइट हाउस में काम करने के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं, जो भारतीय अमेरिकियों और सभी अमेरिकियों के लिए मायने रखते हैं। यह बहुत बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी है, लेकिन मुझे लगता है कि हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा यह सुनिश्चित करना है कि हमारे बच्चों को इस देश में हमसे ज्यादा अवसर मिलें।'

### बहुत सारे लोग राजनीति और नीति से जुड़े हुए

इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट का दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ।

अमेरिकी कांग्रेस में भारतीय अमेरिकियों और बाइडन प्रशासन में खासकर व्हाइट हाउस में बड़ी संख्या में उनका जिक्र करते हुए टंडन ने कहा, 'मैं यह समझने के लिए कुछ समय लेना चाहती हूं कि इस प्रशासन में नेतृत्व करने की हमारी क्षमता इसलिए है क्योंकि बहुत सारी आवाजें हैं और बहुत सारे लोग राजनीति और नीति से जुड़े हुए हैं।'

---

# यूरोप या रूस में से किसी एक को चुने चीन : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि चीन, यूरोप और रूस के साथ एक ही समय पर अच्छे संबंध नहीं रख सकता। अमेरिका ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि चीन, यूरोप के साथ मजबूत रिश्ते रखे और साथ ही वह यूक्रेन युद्ध के बीच रूस का भी समर्थन करता रहे। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बात कही।



**अमेरिका की चीन को सलाह-ऐसे नहीं चलेगा :** पटेल ने कहा कि 'पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना यूरोप और अन्य देशों के साथ मजबूत रिश्ते चाहता है। वहीं साथ-साथ वह यूरोप की सुरक्षा के लिए खतरा बने रूस की भी मदद कर रहा है। खास बात ये है कि ये सिर्फ अमेरिका का मानना नहीं है बल्कि जी7 देश, नाटो और यूरोपीय देश भी ऐसा ही मानते हैं।' पटेल ने कहा, 'रूस की मदद करके चीन न सिर्फ यूक्रेन की सुरक्षा के लिए खतरे को बढ़ा रहा है बल्कि यह यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहा है। बीजिंग यूरोप के साथ तब तक अच्छे रिश्ते नहीं रख सकता, जब तक ये सब चलता रहेगा।'

**चीन दौरे पर हैं पुतिन :** अमेरिका का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रूस दौरे पर हैं। पुतिन रूस के पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले विदेश दौरे पर चीन पहुंचे, जहां पुतिन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिका को निशाने पर लिया और उस पर परमाणु बैलेंस को बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दोनों नेताओं ने रूस-चीन के बीच रक्षा साझेदारी बढ़ाने पर भी सहमति जताई। जिनपिंग ने कहा कि हम यूक्रेन जंग को राजनीतिक समझौते के तहत सुलझाने के पक्ष में हैं।

---

# बीजिंग यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति को याद आया 75 साल पुराना गीत

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन के दौरे पर हैं। गाजा और यूक्रेन से तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति का एक साल के भीतर दूसरी बार चीन का दौरा है।

अपने पांचवे कार्यकाल में प्रवेश करने के बाद पुतिन की यह पहली विदेश यात्रा है। दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन पुतिन ने दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों की तारीफ की और कहा कि रूस और चीन हमेशा साथ हैं।

**1940 के दशक का एक गीत किया याद :** मॉस्को और बीजिंग के बीच संबंधों पर जोर देते हुए रूसी राष्ट्रपति ने इसकी तुलना 1940 के दशक के एक गीत से की। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ और क्रॉस-कल्चरल ईयर की शुरूआत के लिए समर्पित एक संगीत कार्यक्रम से पहले पुतिन ने दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों के जारी रहने का विश्वास जताया।

**रूसी और चीनी हमेशा साथ :** पुतिन ने कहा, ' यह कार्यक्रम राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ को समर्पित है। उस समय का एक प्रसिद्ध गीत है, लेकिन आज अक्सर गाया जाता है। इसमें एक काफी प्रसिद्ध लाइन है 'रूसी और चीनी हमेशा साथ हैं।'

**भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने पर विश्वास :** रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने आगे रूस-चीन साझेदारी की भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने में विश्वास व्यक्त किया। कहा, 'मुझे यकीन है कि हम सामंजस्य तरीके से रूसी और चीनी साझेदारी की भाईचारे की भावना को मजबूत करना जारी रखेंगे।'



### पुतिन ने शी जिनपिंग के साथ कई दौर की वार्ता की

रूस के राष्ट्रपति चीन की यात्रा के दौरान बुधवार को हार्बिन पहुंचे। यहां उन्होंने 8वें रूसी-चीनी एक्सपो और चौथे रूस-चीन फोरम ऑन इंटररीजनल कोऑपरेशन का उद्घाटन किया। सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, इससे पहले पुतिन ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ कई दौर की वार्ता की। दोनों नेताओं ने रूस के चीन संबंधों और अहम अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

---

# 'चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत की तकनीकी सहायता बेहद अहम', बोलीं राष्ट्रमंडल महासचिव

**लंदन।** राष्ट्रमंडल महासचिव पेट्रीसिया स्कॉटलैंड ने भारत की तकनीकी सहायता की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल के लिए भारत की तकनीकी सहायता बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही इस जोर दिया कि इससे कई विकासशील देशों को विकास संबंधी चुनौतियों से पार पाने की काफी उम्मीद मिलती है, जिन्हें भारत पहले ही स्वीकार कर चुका है और उनसे आगे निकल चुका है।



### राष्ट्रमंडल शिक्षा मंत्रियों का 22वां सम्मेलन

56 सदस्यीय संगठन की महासचिव ने यह बयान लंदन में राष्ट्रमंडल शिक्षा मंत्रियों के 22वें सम्मेलन की मेजबानी के दौरान दिया। बता दें, सम्मेलन का विषय 'समावेशी भविष्य के लिए लचीलापन, समानता और कौशल को बढ़ावा देना' था। स्कॉटलैंड ने राष्ट्रमंडल के साथ एक खुले स्रोत तरीके से तकनीकी विकास साझा करने की भारत की इच्छा का स्वागत किया और संगठन के शैक्षिक लक्ष्यों के प्रति अधिक प्रतिबद्धता की उम्मीद की। लंदन में राष्ट्रमंडल सचिवालय मार्लबोरो हाउस मुख्यालय में गुरुवार को दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। इस दौरान स्कॉटलैंड ने मंत्रियों से शिक्षा तक पहुंच में बाधा डालने वाली बाधाओं को दूर करने, प्रौद्योगिकी का



उपयोग करने और जीवनभर सीखने की इच्छा को प्रोत्साहित करने में मदद करने का आह्वान किया।

**खुले स्रोत के रूप में साझा... :** उन्होंने आगे कहा, 'भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह अपने तकनीकी विकास को अपने राष्ट्रमंडल परिवार के साथ साझा करने को तैयार है और इसे खुले स्रोत के रूप में साझा करना चाहता है।'

### कैलाश सत्यार्थी ने भारत के शिक्षा क्षेत्र पर प्रकाश डाला



सम्मेलन में समाज सुधारक और नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस दौरान पिछले 15-20 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में भारत की तरक्की पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'दयालु बुद्धि निस्वार्थ, वास्तविक समस्या-समाधान है। समस्या हल करने वालों और समस्या पीड़ितों के बीच अंतर एक गंभीर सवाल उठाता है। शिक्षा मंत्री और शिक्षा क्षेत्र यह सुनिश्चित करने में नेतृत्व की भूमिका निभा सकते हैं कि हमारे बच्चे करुणा बुद्धि विकसित कर सकें और बढ़ते विभाजन व भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कम कर सकें।'

---

# 'हमारे हथियार किसी को बिक्री के लिए नहीं', किम जोंग की बहन ने खारिज किया अमेरिका का दावा

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन की बहन ने रूस को हथियार देने के अमेरिका के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच किसी भी तरह का सैन्य सहयोग नहीं है। किम की बहन ने कहा कि उनके देश के हथियार रूस या किसी अन्य देशों के लिए बिक्री के लिए नहीं हैं, बल्कि वे दक्षिण कोरिया से बचाव के लिए हैं। बता दें कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया पर रूस को सैन्य सहयोग के साथ ही हथियार देने के आरोप लगाते रहे हैं।

उनका यह बयान तब आया है जब गुरुवार को अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध के बीच प्योंगयांग और मॉस्को के बीच सैन्य उपकरणों के हस्तांतरण में शामिल होने के लिए तीन रूसी संस्थाओं और दो रूसी व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाया। इतना ही नहीं



अमेरिका ने यह दावा भी किया था कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में रूस के युद्ध का समर्थन करने के लिए उसे हथियारों की आपूर्ति की है।

### किम यो जोंग ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने कहा कि ये आरोप बेबुनियाद हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) का हवाला देते हुए बताया कि उन्होंने कहा कि हमारी सैन्य तकनीकी क्षमताओं को किसी भी देश में निर्यात करने या उन्हें जनता के लिए खोलने का कोई इरादा नहीं है।

किम ने दक्षिण कोरिया-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास के स्पष्ट संदर्भ में कहा कि कई रॉकेट लांचर और मिसाइलों सहित उत्तर कोरिया के सामरिक हथियारों का उद्देश्य दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना बचाव है।

### अमेरिका ने लगाया था प्रतिबंध

गौरतलब है कि अमेरिका ने रूस और उत्तर कोरिया के कई सहयोगियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से जारी युद्ध के दौरान उत्तर कोरिया और रूस के बीच सैन्य उपकरणों की सप्लाई करने के आरोपी पांच व्यक्तियों और संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। गुरुवार को जारी बयान में अमेरिका ने यह भी दावा किया कि रूस ने यूक्रेन के साथ युद्ध छेड़ने के लिए उत्तर कोरिया पर भरोसा जताया। अमेरिका के मुताबिक रूस और कोरिया के संबंध वैश्विक सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार व्यवस्था के लिए व्यापक खतरा पैदा करते हैं।

